


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 21 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-023 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### महतारी वंदन का लाभ मिलता रहेगा : सीएम

**रायपुर,21 अप्रैल.** महतारी वंदन को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा है उस पर कटाक्ष करते हुए सीएम श्री विष्णुदेव साय ने कहा है जब तक भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सरकार है तब प्रदेश की माताओं बहनों को महतारी वंदन का लाभ मिलता रहेगा सीएम साय जी से एक महिला लाभार्थी से फोन पे हुई बात उन्होने कहा की जो यह कह रहे है की चुनाव के बाद महतारी वंदन बंद हो जाएगी आप निश्चिंत रहे जब तक प्रदेश में हमारी सरकार है तब तक महतारी वंदन का लाभ मिलता रहेगा .

### मुठभेड़ में एक नक्सली की मौत

**कांकेर,21 अप्रैल.** कांकेर जिले में 16 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में 15 महिला समेत कुल 29 नक्सली मारे गए थे । इसी बीच छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर के केशकुतुल इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है।एक नक्सली मारा गया है, वहीं हथियार भी बरामद किए गए हैं। बता दे भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत् केशकुतुल-केशामुंडी के जंगलों में डिविजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पण्डरू एवं अन्य 15-20 नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर की टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। प्रातः 5.30 बजे केशकुतुल के जंगल में पुलिस बीच नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में 1 नक्सली ढेर, मौके से हथियार, विस्फोटक एवं अन्य नक्सली सामग्री बरामद। क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग की कार्यवाही जारी है। एसपी जितेंद्र यादव ने कहा कि मुठभेड़ स्थल के आसपास सर्चिंग अभियान जारी है।

### हाईकोर्ट ने बिजली कंपनी को लगाई फटकार

**बिलासपुर,21 अप्रैल.** बिलासपुर हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी को डेटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती के अंतिम चरण का परिणाम अब तक जारी नहीं करने को लेकर फटकार लगाई है. दरअसल प्रदेश के सैंकड़ों युवा बिजली कंपनी की उदासीनता के चलते परीक्षा पास करके भी 3 साल से बेरोजगार घूम रहे हैं. सीएसपीडीसीएल ने डेटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती के लिए दो चरणों में भर्ती परीक्षा आयोजित की थी, लेकिन भर्ती परीक्षा के दोनों चरण पूरे होने के बाद भी अंतिम चयन सूची जारी नहीं की गई है. इसको लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट ने कहा है कि परीक्षा आयोजित करके रिजल्ट जारी ना करना अभ्यर्थियों के साथ चीटिंग है. पहले लागू कानून के आधार पर परिणाम जारी करने में कोई परेशानी नहीं है. सीएसपीडीसीएल के तहत जगदलपुर रीजन के लिए 68 और अम्बिकापुर रीजन के लिए 44 पदों पर डेटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती के लिए 22 सितम्बर 2021 को विज्ञापन निकाले गए थे.

### कार पलटी, अंदर फंसा नाबालिग

**बिलासपुर,21 अप्रैल.** पुराना बस स्टैंड स्थित करबला रोड में एक तेज रफ्तार कार पलट गई. इस हादसे में कार एक दुकान की रेलिंग से टकरा कर रूकी. दुर्घटना के बाद कार सवार 2 नाबलिग तो मौके से भाग गए. लेकिन एक नाबालिग कार में ही फंस गया. लोगों ने कार सीधी कर उसे बाहर निकाला. अब सवाल ये है कि ये कार कौन चला रहा था पुराना बस स्टैंड स्थित करबला रोड में रोज की तरह शनिवार की दोपहर लोगों का आवागमन जारी था. इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार सड़क से गुजर रही थी. कुछ ही दूर में अनियंत्रित कार सड़क पर पलट गई. घसीटाते हुए कार एक दुकान की रेलिंग से जा टकराई. यह देखकर लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी. इस बीच कार में सवार 2 नाबालिग किसी तरह बाहर निकलकर भाग गए. इधर एक नाबालिग घायल हालत में कार के अंदर फंसा हुआ था. सूचना मिलते ही मौके पर डायल 112 भी पहुंच गई थी. लोगों ने देखा कि कई प्रयासों के बावजूद वह बाहर नहीं निकल पा रहा है. ऐसे में लोगों ने कार को सीधा करने का निर्णय लिया.

# सुबह 3 बजकर 54 मिनट पर गिरफ्तार हुए अनिल टुटेजा

## ईडी ने 19 पन्नों में बताए आरोप और पाँच बिंदुओं में बताया गिरफ्तारी क्यों की,बेटा यश टुटेजा को घर जाने दिया गया

रायपुर,21 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़



प्रवर्तन निदेशालय ने 21 अप्रैल को सुबह तीन बजकर 54 मिनट पर पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को गिरफ्तार किया है। ईडी ने ईसीआईआर 4/2024 की विवेचना के संदर्भ में अनिल टुटेजा को गिरफ्तार किया है। आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया. ईडी की यह ईसीआईआर राज्य के कथित शराब घोटाला मामले हुए मनी लॉड्रिंग को लेकर है।ईडी की इस ईसीआईआर का आधार छत्तीसगढ़ सरकार के एसीबी थाने में 17 जनवरी को दर्ज एफ़आइआर है, जिसमें प्रार्थी खुद ईडी है। ईडी ने अनिल टुटेजा को कथित शराब घोटाला मामले के होने के लिए सबसे प्रभावशाली भूमिका अदा करने वाला व्यक्ति माना है। प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल टुटेजा को गिरफ़्तार करने के लिए पाँच कारण बताए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने क़रीब सोलह पन्नों में गिरफ़्तारी के आधार के रुप में कथित शराब घोटाला में अपराध क्या था,अपराध कैसे हुआ और उसमें अनिल टुटेजा की भुमिका क्या है यह बताया है। ईडी ने इसमें यह आरोप लगाया है कि, अनवर ढेबर जिसने कि यह कथित शराब घोटाला सिंडिकेट बनाकर किया।उस सिंडिकेट को सबसे बड़ी ताक़त अनिल टुटेजा से मिलती थी। प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल टुटेजा को कथित शराब घोटाला सिंडिकेट का आर्किटेक्ट ऑफ लिकर स्कैम बताया है।ईडी के अनुसार अनिल टुटेजा इस सिंडिकेट के सर्वोच्च शक्ति और नीति नियंत्रक थे। ईडी के ग्राउंड ऑफ अरेस्ट में अनिल टुटेजा को लेकर बताया गया है कि, अनवर ढेबर एक बाहरी व्यक्ति था, पर आबकारी विभाग में उसका टॉप टू बॉटम प्रभाव अनिल टुटेजा की वजह से था जिनकी पूरे राज्य के मशीनरी पर गहरी दखल थी क्योंकि अनिल टुटेजा की नज़दीकी तत्कालीन मुख्यमंत्री से थी। यह नज़दीकी ऐसी थी कि, राज्य के आईएएस और आईपीएस की पोस्टिंग समेत राज्य के प्रशासनिक हल्के में गहरा दखल था।ईडी ने पूर्व मुख्य सचिव और बाद में रेरा के अध्यक्ष बने विवेक ढांढ को भी इस संगठित गिरोह को होने वाली आय का लाभार्थी होने का दावा किया है। ईडी की विवेचना में शराब घोटाला को लेकर यह बताया गया है कि, राज्य की सरकारी शराब दुकानों से नक़ली होलोग्राम की देसी शराब बेची जाती थी। इस नक़ली होलोग्राम वाली शराब से होने वाली आय राज्य सरकार के ख़ज़ाने में जमा नहीं होती थी क्योंकि इनका रिकॉर्ड ही नहीं होता था।नक़ली होलोग्राम की एक पेटी में 48 बोटल होती थी, जिसका मूल्य 2880 रुपए होता था।अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर प्रति पेटी तीन सौ रुपए लेते थे।इसके अतिरिक्त 560 रुपए डिस्टलर को दिया जाता था। प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल टुटेजा की गिरफ़्तारी की पाँच वजह बताई है। ईडी के ये पाँच कारण निम्नलिखित हैं - 1- साक्ष्यों को नष्ट होने से बचाना 2-इस अपराध में शामिल अन्य लोगों/आरोपियों से आमने सामने पूछताछ करना 3- अपराध से अर्जित आय का पता करना,4 -गवाहों को प्रभावित करने से रोकना तथा 5 - सिंडिकेट में शामिल अन्य लोगों की पहचान करना।




# गोबर-शराब घोटाला कर चुनाव लड़ रहे भूपेश : योगी

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,21 अप्रैल.** राजनांदगांव लोकसभा चुनाव को लेकर सियासत हाई है. बुधवार को भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनांदगांव के कुमरदा पहुंचे हैं. जहां चुनावी सभा को सीएम योगी ने संबोधित किया.

योगी आदित्यनाथ ने कहा, भूपेश बघेल ने अपने शासन काल में गोबर घोटाला, शराब घोटाला कर डाला. घोटाला कर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं. लव जिहाद की घटना को पूरी छूट दे दी गई थी. भूपेश बघेल ने 18 लोगों को आवास से वंचित किया था. भुवनेश्वर साहू ने लव जिहाद का विरोध किया था. यहां की जनता ने भुवनेश्वर साहू को याद करते हुए उनके पिता ईश्वर साहू को विधायक बनाया और श्रद्धांजलि दी. भूपेश बघेल ने अपने शासन काल में गोबर घोटाला, शराब घोटाला कर डाला. भूपेश बघेल ने लोगों को आवास से वंचित किया था. योगी आदित्यनाथ ने कहा, छत्तीसगढ़ में डॉ रमन सिंह ने अपने सरकर में 1 रूपये किलो में चावल दिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की योजना दी. 60 करोड़ लोगों को 5 लाख का स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है. राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के ग्राम कुमरदा में योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं. मंच में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बीजेपी प्रत्याशी संतोष पांडे, राजस्व मंत्री लखन लाल देवांगन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद हैं.

# बाबा रामदेव को अब योग शिविर के लिए चुकाना होगा सर्विस टैक्स



**नई दिल्ली,21 अप्रैल.** योग गुरु बाबा रामदेव के सितारे इन दिनों ठीक नहीं चल रहे हैं। योग गुरु बाबा रामदेव को सुप्रीम कोर्ट से फिर झटका लगा है। अब योग शिविर के लिए सर्विस टैक्स चुकाना होगा। स्वामी रामदेव के योग शिविरों का आयोजन करने वाली संस्था 'पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट अब सर्विस टैक्स यानी सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा। बाबा रामदेव को अब 4.5 करोड़ रुपये देने होंगे। दरअसल सीमा शुल्क और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मेरठ रेंज के आयुक्त ने पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से जुर्माना और ब्याज समेत अक्टूबर 2006 से मार्च 2011 के दौरान लगाए गए ऐसे शिविरों के लिए लगभग 4.5 करोड़ रुपये अदा करने को कहा था। इसके सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अभय एम ओक और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने इस सिलसिले में सर्विस टैक्स अपीलेट ट्राइब्यूनल के फैसले को बरकरार रखा है। सर्विस टैक्स अपीलेट ट्राइब्यूनल ने अपने फैसले में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट को आवासीय और गैर-आवासीय दोनों योग शिविरों के आयोजन के लिए सर्विस टैक्स का भुगतान अनिवार्य बताया था। बता दें कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट स्वामी रामदेव के योग शिविरों के लिए प्रवेश शुल्क लेती है। जस्टिस ओक और जस्टिस भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में कहा, 'सर्विस टैक्स अपीलेट ट्राइब्यूनल ने सही कहा है. प्रवेश शुल्क लेने के बाद तो शिविरों में योग एक सेवा (सर्विस) है। हमें ट्राइब्यूनल के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता। लिहाजा पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की अपील खारिज की जाती है.' इसी के साथ अदालत ने सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय ट्राइब्यूनल की इलाहाबाद पीठ के 5 अक्टूबर, 2023 के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

दरअसल ने माना था कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट की ओर से आयोजित योग शिविर किसी भी व्यक्ति से भागीदारी के लिए शुल्क लेता है। यह , इसलिए ट्रस्ट द्वारा आयोजित योग शिविर सर्विस टैक्स के दायरे में आने चाहिए। ट्राइब्यूनल ने कहा था कि ट्रस्ट विभिन्न आवासीय और गैर-आवासीय शिविरों में योग प्रशिक्षण प्रदान करने में लगा हुआ है। इसके लिए भागीदारों से दान के रूप में राशि एकत्र की जाती है, लेकिन असल में यह उक्त सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रवेश शुल्क होता है.

# वैन और ट्रक की टक्कर में 9 लोगों की मौत



**जयपुर,21 अप्रैल.** राजस्थान के झालावाड़ में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। वैन और ट्रक की भिड़ंत में 9 लोगों की मौत हो गई है। वहीं एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को पोष्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजवाया है। लिस का कहना है कि हादसे में जिन लोगों की जान चली गई, वे मध्य प्रदेश से आ रहे थे। फिलहाल शव कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। झालावाड़ में यहां तेज रफ्तार मारुति वैन और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। इसमें हुए सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई है। हादसे का शिकार हुए लोग मध्य प्रदेश से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। जब ये लोग एनएच 52 पर अकलेरा के पास पहुंचे, तभी ये हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम कुछ देर में घटनास्थल पर पहुंच गई और जानकारी ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। शवों को अकलेरा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। अकलेरा पुलिस मौके पर मौजूद है। घटना के बारे में मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### देश में चल रही दिखावे की राजनीतिः प्रियंका

**बालोद.** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ के दौरे पर पहुंची. आज उन्होंने बालोद में चुनावी सभा को संबोधित किया. प्रियंका गांधी ने देश के किसानों, आदिवासियों के मेहनत के बल पर हमारा देश बना है. देश की जनता अगर एकजुट नहीं होती तो हमे आजादी नहीं मिलती. संविधान से आपको अधिकार मिला है. आपको वोट डालने का अधिकार संविधान ने दिया है. चुनाव के मौके पर दो बहुत जरूरी मुद्दों को अपने मन में रखे. देश का भविष्य क्या होगा और आपकी मेहनत और संघर्ष की सुनवाई हो रही है या नहीं. बहनें समझती हैं महंगाई कितनी बढ़ गई है. बेरोजगारी आज कितनी बढ़ गई है, यह एक बड़ी समस्या है. किसान भी महंगाई से जूझ रहा है. पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ गए हैं. इन समस्याओं को छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी, उसी सुलझाने की कोशिश कर रही थी. आदिवासियों को अपनी जमीन वापस दी गई. प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार बदली तो बीजेपी आई. फिर राशन के चावल में कटौती होने लगी. गोबर की खरीदी बंद कर दी गई. बीजेपी ने कोई सुविधा नहीं दी. कोई रोजगार नहीं. तो ऐसे भारत विकसित नहीं होगा. किसान कर्ज में डूब रहे हैं. कांग्रेस चाहती है एमएसपी कानून बन जाए. कांग्रेस की सरकार ने संस्कृति की रक्षा की है. बीजेपी आपके अधिकारी को कमजोर करने की कोशिश कर रही है. बीजेपी संविधान को बदलने की बात कर रही है.

# मोदी ने बदली भारत की राजनीतिक परिभाषा : नड्डा

**मुंबई,21 अप्रैल.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी जी ने भारत में राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है। पहले, राजनीति केवल झूठे वादों और वोट-बैंक के बारे में थी! लेकिन अब, पीएम मोदी जी के नेतृत्व में, राजनीति मतदाताओं के प्रति जिम्मेदारी के बारे में है। अब यह वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि रिपोर्ट कार्ड की राजनीति है!' जेपी नड्डा ने आगे कहा, 'पहले देश में राजनीतिक दल चुनाव के दौरान अच्छे नारे



लगाते थे, लोकलुभावन वादे करते थे और चुनाव के बाद भूल जाते थे। वे वोटबैंक की राजनीति करते थे। इलाके को इलाके से लड़ाना, जाति से जाति से लड़ाना, धर्म को धर्म से लड़ाकर, लोगों को विभाजित करके सत्ता तक आने का रास्ता प्रशस्त करते थे। मोदी जी के आने के बाद भारत की राजनीति, मतदाता के प्रति जिम्मेदारी की राजनीति हो गई। वोटबैंक की राजनीति की जगह रिपोर्ट कार्ड की और विकास की राजनीति हो गई।' भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनता से कहा, 'आपने देश को स्थिर सरकार दी, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान, अफ़ग़ानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक प्रताड़ना की वजह से भारत आए शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए हमने CAA लागू किया। UPA सरकार के दौरान क्या था... भ्रष्टाचार करो, परिवारवाद बढ़ाओ, मलाई खाओ, मौज उड़ाओ और जनता को भूल जाओ।' नड्डा ने कहा, 'हम अपने देश के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



**जगदलपुर ।** लोकसभा चुनाव में सुरक्षा देकर लौट रहे सीआरपीएफ जवानों से भरी बस डिलमिली के क़रीब दुर्घटना का शिकार हो गई है। इसमें सवार 10 जवान घायल हो गए हैं। तीन की हालत गंभीर है। घटना सुबह करीब 10 बजे की बतायी जा रही है। घायल जवानों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज ले ज़ाया गया है।

### राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ी

**भोपाल,21 अप्रैल.** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की तबीयत बिगड़ने के कारण उनका मध्य प्रदेश का सतना दौरा रद्द हो गया है।

उनके स्थान पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सतना का दौरा करेंगे। कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एक्स पर लिखा, राहुल गांधी अस्वस्थ होने के कारण आज सतना नहीं आ पा रहे हैं! ऐसी स्थिति में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सतना जाने के लिए अनुरोध किया।

# भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है : मोदी

**नई दिल्ली,21 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपन में 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस महोत्सव के उद्घाटन पर पीएम मोदी ने एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया। इसके बाद सभी



देशवासियों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने अपना संबोधन शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा, 'भारत मंडपम का ये भव्य भवन आज भगवान महावीर के 2,550वें निर्वाण महोत्सव के आरंभ का साक्षी बन रहा है। अभी हमने भगवान महावीर के जीवन पर विद्यार्थी मित्रों द्वारा तैयार किए चित्रण को देखा। युवा साथियों ने 'वर्तमान में वर्धमान' सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती भी की। हमारे अनादि मूल्यों के प्रति, भगवान महावीर के प्रति युवा पीढ़ी का ये आकर्षण और समर्पण, ये विश्वास पैदा करता है कि देश सही दिशा में जा रहा है।' उन्होंने कहा, 'चुनाव के कठिन समय में ऐसे पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना मेरे दिल और दिमाग को अत्यंत शांति दे रहा है।'

पीएम मोदी ने कहा, 'भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है। ऐसे अवसर कई विशेष संयोगों को भी जोड़ते हैं। ये वो समय है, जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है। देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'इस साल हमारे संविधान को भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं। इसी समय देश में एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव भी चल रहा है। देश का विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी, मेरा आप लोगों से जुड़ाव बहुत पुराना है।' पीएम मोदी ने कहा, 'भारत न केवल विश्व की सबसे प्राचीन जीवित सभ्यता है, बल्कि मानवता का सुरक्षित ठिकाना भी है। ये भारत ही है, जो... स्वयं के लिए नहीं, सर्वम के लिए सोचता है। स्व की नहीं, सर्वस्व की भावना करता है। अहम नहीं, वहम की सोचता है। इति नहीं, अपरिमित में विश्वास करता है। नीति और नियति की बात करता है। पिंड में ब्रह्मांड की बात करता है। विश्व में ब्रह्म की बात करता है। जीव में शिव की बात करता है।

### दो दिनों के छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे मोदी

**रायपुर,21 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिवसीय छत्तीसगढ़ के दौरे पर आने वाले है. वे 23 और 24 अप्रैल को छत्तीसगढ़ में रहेंगे छत्तीसगढ़ में अब दूसरे चरण का लोकसभा चुनाव होना है. 26 अप्रैल को राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा सीटों के लिए चुनाव कराये जाएंगे. अब दूसरे चरण के लिए बीजेपी के स्टार प्रचारकों का छत्तीसगढ़ दौरा हो रहा है. इस क्रम में पीएम नरेंद्र मोदी 23 अप्रैल को सुबह में जांजगीर-चांपा में पीएम मोदी चुनावी सभा लेंगे. इसके बाद दोपहर में धमतरी में सभा लेंगे. वहीं 24 अप्रैल को सुबह 10 अंबिकापुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी सभा होगी. धमतरी में होने वाले पीएम मोदी के दौरे को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं.

# पूर्व कांग्रेस नेता ने प्रियंका गांधी पर दागे कई सवाल

रायपुर,21 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद अब राजनीति की धार और तेज हो गई है। जमकर आरोप लग रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता आलोक पांडेय ने प्रियंका गांधी के राजनांदगांव दौरे के दौरान उनसे कई सवाल पूछे हैं। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद अब राजनीति की धार और तेज हो गई है। जमकर आरोप लग रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता आलोक पांडेय ने प्रियंका गांधी के राजनांदगांव दौरे के दौरान उनसे कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने प्रियंका गांधी को खत लिखकर कई सवाल दागे हैं और उसके जवाब मांगे हैं।

पांडेय ने खत में लिखा है कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा में आपका स्वागत है पूर्व प्रदेश अध्यक्ष असंगठित कांग्रेस एवं सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी होने के नाते में आपसे कुछ प्रश्न करना चाहता हूं। अपेक्षा है कि आप इसका जवाब जरूर देंगी। छत्तीसगढ़ समाज कल्याण विभाग में सदस्य के रूप मे कल्पना प्रशांत सिंह की नियुक्ति आपकी अनुशंसा पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से की गई थी वह महिला उत्तर प्रदेश की निवासी है। इनके एवं इनके पति के उपर वहां कई गंभीर आपाराधिक मामले दर्ज है। इसके बाद भी आपने इस महिला की अनुशंसा क्यो की 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज कल्याण विभाग में गैर शासकीय नियुक्ति पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया था भूपेश बघेल ने इस विभाग में अध्यक्ष के रूप करूणा शुक्ला की नियुक्ति की थी। इस बात की जानकारी होने के कारण स्व. करूणा शुक्ला ने इस पद को कभी ग्रहण ही नहीं किया। कल्पना प्रशांत के नियुक्ति के बाद इस विभाग मे भारी भ्रष्टाचार किए इस महिला के भ्रष्टाचार को भूपेश बघेल ने आपके संरक्षण के कारण कभी उजागर नहीं होने दिया। उन्हें 3 बंगले क्रमशः जगदलपुर



दन्तेवाड़ा एवं रायपुर मे दिए गए राज्य मंत्री का दर्जा दिया गया और सारी सुविधाए उपलब्ध कराई गई। जब इस विभाग मे यह पद ही नहीं था तो इन्हे वेतन किस मद से दिया गया और उनको प्रदान की जाने वाली सुविधा का भुगतान किस मद से किया गया मैं उस वक्त असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष के पद पर कार्यरत होते हुए आपने साथ कांग्रेस पार्टी के संघर्षशील साथी जिन्होंने ने मेरे साथ कांग्रेस के आंदोलनों में भाग लिया जेल में रहे उन लोगों के लिये मैंने निगम मंडल में अनुशंसा की थी, जिसे बघेल ने अनदेखा किया। करोना के समय वे साथी उनके परिवारजनों पर जब आफत आई तब मैंने बघेल की अनदेखी के बाद तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष राहूल गांधी एवं आपको भी अवगत कराया।

हमारे साथियों को इस विषयसे किसी भी प्रकार की मदद प्रदान नही की गई। उत्तर प्रदेश मे जब कोई घटना होती थी तो भूपेश बघेल आपके कहने पर वहां के लोगों की मदद करते थे, तो क्या वे छत्तीसगढ़ की कार्यकर्ताओं की मदद नहीं कर सकते थे

आज आप राजनांदगावं की जनता से इस भूपेश बघेल के लिए समर्थन मांगने आई है, जहां हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने श्रमिकों के साथ मिलकर आंदोलन किया, जिसका नेतृत्व स्वयं मैने किया था और कुछ आंदोलनों में भूपेश बघेल, पीएल पुनिया समेत कांग्रेस के समस्त वरिष्ठ नेता शामिल होते रहे, उस राजनांदगांव के मजदूर साथियों को भी कोई सहायता नहीं दी गई। मेरा यह मानना है कि क्या छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव के मजदूरों कर्मचारी साथियों में इतनी क्षमता नहीं है। कि उन्हें किसी प्रकार के निगम मंडल के लायक आपने नहीं समझा। राहुल गांधी पूरे देश में न्याय यात्रा निकाल रहे थे, जिसमें आप भी शामिल रहीं। आज इस मंच के माध्यम से जवाब दें कि छत्तीसगढ़ के श्रमिकों, कर्मचारियों, महिलाओं के साथ आपने यह अन्याय क्यों किया

### पिकअप पलटने से कांग्रेस नेता और ड्राइवर घायल

**कोंडागांव,21 अप्रैल.** सिटी कोतवाली कोंडागांव अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर बनिया गांव निलगिरी प्लांट के पास एक पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। पिकअप फल लेकर रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही थी। ड्राइवर को घायल होने से कोंडागांव की जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है सडक़ हादसे का कारण अज्ञात है। कांग्रेस नेता घायल पिछले दिनों भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी के सुपुत्र और युवा कांग्रेस के कांकेर जिला अध्यक्ष अमन मंडावी सडक़ दुर्घटना में घायल हो गए थे। रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के बाद उन्हें वर्तमान में तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित गंगा हॉस्पिटल में इलाज हेतु रायपुर से विशेष विमान के द्वारा उन्हें कोयंबटूर पहुंचाया गया, जहां उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है।

# भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर इक्कीस सरपंचों ने पार्टी में प्रवेश किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 21 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांतो और रीति नीति से प्रभावित होकर कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के इक्कीस सरपंचों ने आज भाजपा कार्यालय पहुंचकर पार्टी में प्रवेश किया. सभी इक्कीस सरपंचों का भाजपा के जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने पार्टी का गमछा पहनाते हुए स्वागत किया तथा उन्हें समर्पित भाव से पार्टी के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रामकुमार भट्ट, जिला महामंत्री संतोष पटेल, दिनेश चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित थे.नव प्रवेशी सरपंचों ने भी उपस्थित पदाधिकारियों को विश्वास दिलाया कि जिला भाजपा संगठन के निर्देशन में सभी लोग इस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी संतोष पांडे को जीतने तथा नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे.प्रवेश अभियान में कवर्धा जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी की रही विशेष भूमिका आज प्रवेश करने वाले इन सभी इक्कीस सरपंचों से बातचीत कर उन्हें पार्टी की नीतियों से जोड़ना का काम जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी ने किया. जिन्होंने सभी सरपंचों से लगातार संपर्क किया और आज इन्हें पार्टी में प्रवेश कराया.

### ये सरपंच हुए शामिल

बरदुली के पंडित गोलू दीवाना , कान्हाभैरा के रामप्रसाद , मक्के के मुक्तानंद साहू , मजगांव के हेमंत कुमार साहू , रवेली के सविता साहू दिनेश, रामहेपुर खुर्द के कोमल प्रसाद , भागूटोला के जयराम साहू, अशोक कश्यप सोनबरसा, लखनपुर कला के मैना पात्रे, महराटोला के मन्नू राम , बारदी की जलेश्वरी रामु साहू, छिरहा के श्री राम पटेल, सिंघनपुरी के पीला राम साहू , जमुनिया उर्मिला चंद्रभूषण, बानो की चमेली चंद्रवंशी खामी केवरा ,गंगापुर पार्वती , लासाटोला के तुलाराम धुर्वे , समनापुर के मनोज पटेल, खदौड़ा खुर्द की भूरी बाई हरी राम साहू, बोधईकुंडा के भरत साहू ने आज भाजपा प्रवेश किया.

# दो प्रत्याशियों की पार्टियों का मान्यता प्राप्त नहीं होने पर नामांकन फार्म रिजेक्ट

**भिलाई, 21 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 के तृतीय चरण के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए प्राप्त नामांकनों की संवीक्षा की। नामांकन जमा करने के अंतिम दिवस तक संसदीय क्षेत्र 07 दुर्ग के लिए कुल 29 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र खरीदे एवं 27 अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किए।

जिनमें श्याम सुन्दर साहू लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी, विजय बघेल भारतीय जनता पार्टी, राजेन्द्र साहू इंडियन नेशनल कांग्रेस, डा. हरिश्चन्द्र साहू निर्दलीय, सविता शैलेन्द्र बंजारे शक्ति सेना (भारत देश), बलदेव साहू निर्दलीय, अशोक जैन निर्दलीय, यशवंत सीताराम साहू भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सुखदेव टंडन राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, शंकर ठाकुर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भानु प्रताप चतुर्वेदी निर्दलीय, अरुण जोशी निर्दलीय, राकेश साहू न्याय धर्म सभा, खिलानंद जसपाल निर्दलीय, अली हुसैन सिद्दीकी निर्दलीय, दिलीप रामटेके बहुजन समाज पार्टी, डॉ. अंजु केमे एकम सनातन भारत दल, अनूप कुमार पाण्डेय निर्दलीय, पुष्पा मैरिसा आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, शीतकरण महिलवार आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), विकास शर्मा लोकशाही एकता पार्टी, सन्तोष कुमार मारकन्डे निर्दलीय, ध्रुव कुमार सोनी उर्फ लंगूर सोनी निर्दलीय, भागबली सिवारे निर्दलीय, हरिचंद ठाकुर निर्दलीय सहित कुल 25 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र स्वीकृत किए गए। मनोज कुमार ध्रुव छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी एवं प्रदीप टाइटस इंडिया प्रजा बंधु पार्टी की पार्टियों को मान्यता प्राप्त न होने के चलते नामांकन अस्वीकृत किया गया।

## एक नजर

### पत्नी की हत्या,पति गिरफ्तार



**भिलाई।** भिलाई धमधा थाना क्षेत्र पत्नी की हत्या कर पति ने उसके शव को म्यार में लटका कर थाने में अपनी गिरफ्तारी दी पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर शव को म्यार से उतारा और पीएम के लिए भेज दिया धमधा प्रशिक्षु डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि ग्राम देवरी निवासी किशुन साहू की शादी 15 साल पहले कविता के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था दोनों के 4 बच्चे भी है लेकिन समय बीतने के साथ पति पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। घटना की शाम किशुन और कविता में आपस में जमकर विवाद हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि किशुन ने कविता का गला घोटकर उसे मौत के घाट उतार दिया उसके बाद शव को म्यार में लटका कर पति थाने पहुंच गया किशुन के थाने पहुंचते ही पुलिस ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और फिर उसके घर पहुंची। घर जाने पर आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी के शव को कहां रखा उसके बारे में भी बता दिया। आरोपी किसुन किसान है। शादी के बाद से उसकी पत्नी और उसका किसी ना किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था कई बार नाराज होकर कविता अपने मायके भी चली गई थी शुक्रवार को भी किशुन और कविता के बीच किसी बात को लेकर काफी विवाद हुआ। इससे नाराज होकर किशुन ने जानवर को बांधने वाली रस्सी से पत्नी कविता का गला दबा दिया जिससे कविता की मौत हो गई फिलहाल आरोपी को कोर्ट के आदेश से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है

### डबल मर्डर केस में पुलिस के हाथ खाली

**भिलाई, 21 अप्रैल।** पुलगांव थाना क्षेत्र के डबल मर्डर हत्याकांड में पुलिस के हाथ खाली है। घटना ग्राम गनियारी में दादी और पोती की हत्या हुई थी। मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट समेत डॉग स्काट की टीम भी पहुंची थी। लेकिन पुलिस को कोई खास सफलता हाथ नहीं लग पाई है घटना को आज माह भर से अधिक का समय बीत गया लेकिन पुलिस को आरोपी के बारे में अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए चार टीमे भी बनाई गई थी लेकिन सफलता अब तक हाथ नहीं लग पाई है इतनी बड़ी हत्याकांड में भी क्राइम ब्रांच पूरी तरह पेल होती नजर आ रही है पुलिस ने मोबाइल टावर से भी आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया फिर भी कुछ नहीं हासिल हो पाया है

### ट्रेन से कटकर युवक ने जान दे दी

**भिलाई, 21 अप्रैल।** भिलाई धमधा नाका रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक ने ट्रेन से कटकर जान दे दी है। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को मरच्युरी में रखवा दिया था सुबह शव परिजनों को सौंप दिया गया है दुर्ग जीआरपी चौकी पुलिस ने बताया कि वार्ड 26 संतराबाड़ी निवासी भावेश यादव ( 21 वर्ष ) पिता विजय यादव का शव रेलवे पटरी पर मिला है। वह कॉलेज की पढ़ाई कर रहा था उसके पास से एक सुसाइडल नोट भी पुलिस को मिला है जिसमें उसने परिवार वालों को लिखा है कि वह किसी तरह का नशा नहीं करता और न ही जुआ खेलता हैं आप लोग बेवजह उसे पर शक करते हैं आप लोग पर से अब मेरा बोझ कम हो जाएगा दुर्ग जीआरपी चौकी पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### ट्रेचिंग ग्राउंड में लगी आग बुझाई

**भिलाई ।** भिलाई -3 थाना क्षेत्र इंडस्ट्रियल एरिया में बने ट्रेचिंग ग्राउंड में आग लग गई ट्रेचिंग ग्राउंड के आसपास कचरे के ढेर और डामर से भरी बोरियों में आग लग गई सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी तत्काल मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है आपको बता दें कि इंडस्ट्रियल एरिया के ट्रेचिंग ग्राउंड में इंडस्ट्रियल एरिया से निकलने वाले तमाम वेस्टेज और कचरे को यही डंप किया जाता है फिलहाल आग लगने से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है ।

### आबकारी विभाग ने बस स्टैंड होटल एवं ढाबों में दबिश दी

**दुर्ग, 21 अप्रैल ।** आबकारी आयुक्त श्रीमति आर संगीता के निर्देश एवं कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देश व सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है।आबकारी विभाग दुर्ग की भिलाई एवं दुर्ग नियंत्रण कक्ष की संयुक्त टीम द्वारा आगामी लोकसभा सभा निर्वाचन को ध्यान में रखकर होटल/ढाबों की जाँच तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान नेशनल हाईवे पर कुम्हारी में संचालित राजू ढाबा में अवैध रूप से मदिरापान करते पाये जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36(सी)के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। साथ ही रॉयल खालसा ढाबा, ब्रदर्स ढाबा, कान्हा ढाबा, संधु ढाबा, अपना ढाबा, पंजाब ढाबा, नवनीत ढाबा, रेलवे स्टेशन दुर्ग के समीप पायल रेस्टोरेंट, एवन ढाबा एंड रेस्टोरेंट, दुर्ग राजनंदगांव हाईवे स्थित प्रिंस ढाबा, ढाबा सीजी 07, श्री साईं ढाबा में तलाशी अभियान चलाकर ढाबा/होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि अवैध मदिरा का संव्यवहार ना हो एवं किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना कंट्रोल रूम के नंबर 0788-2325836 पर करें।जिले में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु आम नागरिकों की सहभागिता के लिए टेलीफोन शिकायत नम्बर उपलब्ध करायी गई है, जिसके अन्तर्गत आबकारी विभाग दुर्ग के कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर 24×7 घण्टे सम्पर्क किया जा सकता है तथा अपने आस-पास के क्षेत्रों में अवैध मदिरा के विक्रय, परिवहन एवं धारण करने वाले आरोपियों के विरूद्ध शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।इस संयुक्त कार्यवाही को जिले के सहायक जिला आबकारी अधिकारी धीरज कन्नौजिया,सुप्रिया तिवारी, पंकज कुजूर तथा आबकारी उप निरीक्षक अरविंद साहू, गीतांजलि तारम एवं आबकारी मुख्य आरक्षक/आरक्षक तथा वाहन चालकों की टीम द्वारा संपादित किया।

# केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीबों के पक्के मकान का सपना होगा पूरा:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मोदी गारंटी मतलब झूठ की गारंटी है। 2014 और 2019 में देश को अच्छे दिन के सपने दिखाए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ, किसानों को समर्थन मूल्य, महिलाओं को गैस टंकी और युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी। आज न रोजगार है, न किसानों की आय में इजाफा हुआ और न घरेलू महिलाओं को गैस की टंकी कम दाम में मिल पाए। आज महंगाई के चलते आम लोगों का जीवन यापन कर पाना असंभव हो गया है। इसी तरह फिर इस बार भाजपा के लोग 400 पार का नारा देते हुए 2024 में देश से गरीबी मिटाने की बात कर रहे हैं। जो केवल भाजपा का जुमला है। जुमलेबाज सरकार की नीति व नीयत को देश की जनता समझ चुकी है । चंद्राकर ने कहा कि इस बार पूरे देश सहित प्रदेश के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। प्रदेश में विस चुनाव से पहले भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख आवास की स्वीकृति का ढोल पीटने वालों से उन्होंने पूछा कि 18 लाख गरीब परिवारों का प्रधानमंत्री आवास कहां है? मोदी सरकार ने 18 लाख आवास को अभी तक स्वीकृत क्यों नहीं किया? भाजपा ने प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देने के नाम से धोखा दिया है। विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा ने गरीबों को 18 लाख आवास देने का सपना दिखाया था, जो अब सरासर झूठ साबित हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने 5 महीना होने जा रहा है, लेकिन 18 लाख दूर की बात है मोदी सरकार ने 18 लोगों के लिए भी आवास स्वीकृत नहीं किया।

# कार्यशाला में जोखिम,पहचान व निराकरण की जानकारी दी





भिलाई, 21 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 19 अप्रैल को जोखिम की अवधारणा, उनकी पहचान और निराकरण योजना में सुधार पर केन्द्रित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कार्यपालक निदेशक रांची आशीष चक्रवर्ती और मुख्य महाप्रबंधक रांची वशिष्ठ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार, मुख्य महाप्रबंधक पी आर भल्ला, महाप्रबंधक पी एम राजेन्द्र कुमार, महाप्रबंधक बी सी मंडल सहित अग्निशमन तथा कोक ओवन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान जोखिम पहचान और निराकरण एवं उससे संबंधित सुरक्षा चर्चा में सभी व्यक्तियों को शामिल करने पर जोर दिया गया। कार्यपालक निदेशक आशीष चक्रवर्ती ने विभिन्न उत्तम प्रथाओं जैसे कार्य पूरा होने के बाद प्रोटोकॉल में कार्य के दौरान हुए अवलोकनों को दर्ज करना तथा किसी भी प्रकरण की जांच में संबंधित सभी व्यक्तियों को शामिल करने की सलाह भी दी। इसके अलावा जोखिम मूल्यांकन के टूल्स पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस विशेष कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार के कुशल मार्गदर्शन में कोक ओवन विभाग के कई अधिकारियों के साथ-साथ पर्यवेक्षी कैडर के प्रमुख कर्मचारियों ने भाग लिया। जोखिम संकल्पना में सुधार के लिए शुभाशीष नंदी और अनुराग किशोर दीपक द्वारा कर्मचारियों के बीच शॉप फ्लोर गतिविधियां भी प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय सहायक महाप्रबंधक प्रदीप मेनन, सहायक महाप्रबंधक प्रशांत कुमार, महाप्रबंधक बी सी मंडल, महाप्रबंधक पी एम राजेन्द्र कुमार की टीम ने किया।

# सीएचसी में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का कराया गया प्रसव



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन,21 मार्च। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में पांच हाई रिस्क गर्भवती माताओं का सिजेरियन ऑपरेशन सुरक्षित प्रसव करवाया गया। डॉ कृष्ण कुमार डहेरिया स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन ने बताया कि 5 गर्भवती माताओं को गंभीर प्रकृति के हाई रिस्क थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एवं जिला नोडल अधिकारी ( मातृ स्वास्थ्य) डॉ अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में बीएमओ पाटन के नेतृत्व में फील्ड से हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ट्रैकिंग कर सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत कार्य किया जा रहा है। विभिन्न उप स्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजर, मितानिनों से सक्रिय सहयोग से हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर विशेषज्ञों के परामर्श से क्रियान्वयन किया जा रहा है।

ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ अंकिता बोधनकर, प्रदीप सिन्हा, हेमलता वर्मा, अनिता जोशी, रूपा सिन्हा, जितेंद्र निर्मलकर, गिरिवर, गीतांजलि साहू, माधुरी, लक्ष्मी, शीतल, हमर लैब टीम सरस्वती वर्मा, रमेश एवं ब्लड स्टोरेज टीम श्वेता भारद्वाज, सुनीता वर्मा, फार्मेसी पोषण यादव, सिंधुराज आदि स्टाफ के संयुक्त सहयोग से कार्य संपादित किया गया।



### ट्रक की केबिन में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**भिलाई, 21 अप्रैल।** नंदिनी रोड शर्मा कॉलोनी एचडीएफसी बैंक के बाजू में रखी पुरानी ट्रक की केबिन में शनिवार को आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। समाजसेवी एवं शिव सैनिक राजू गुप्ता ने बताया कि तत्काल बैंक में लगे पानी का पंप चालू करके आग को बुझाया गया तब लोगों ने राहत की साँस ली। ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र के पीछे श्रमिक बस्ती की सघन बसाहट है।

### स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि में डॉ. डीपी अग्रवाल का उद्बोधन

**दुर्ग, 21 अप्रैल ।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में 19 अप्रैल 2024 को यूपीएससी के पूर्व चेयरमेन डॉ. डीपी अग्रवाल ने बीटेक, एमटेक तथा पीएचडी के छात्रों को सम्बोधित किया। विदित हो कि सीएसवीटीयू भिलाई मे एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन रखा गया था। जिसका विषय ''नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 एण्ड इट्स इम्प्लीमेंटेशन स्ट्रेटजी था। यह व्याख्यान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एमके वर्मा की अध्यक्षता में समकुलपति प्रो. संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन मे यू टी डी मे सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माननीय मुख्य अतिथियों का स्वागत यूटीडी के आदरणीय निदेशक डॉ. पी के घोष ने पुष्प गुच्छ देकर किया। निदेशक महोदय ने अपने उद्बोधन मे यूटीडी की विभिन्न गतिविधियों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताई। व्याख्यान में आज के मुख्य प्रवक्ता डॉ. डीपी अग्रवाल ने नई शिक्षा पद्धति 2020 को विस्तार से बताया। अपने उद्बोधन मे डॉ. अग्रवाल ने कहा कि एजुकेशन एक्ट 2010 के अनुसार 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार है ।

# माता कौशल्या की धरती पर पहली बार हिन्दी फिल्म श्रीरामायण कथा



**भिलाई, 21 अप्रैल।** महोबिया फिल्म्स प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छग में पहली बार माता कौशल्या की पावन धरती भगेवान श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा में छत्तीसगढ़ी एवं भोजपुरी फिल्मों के डायरेक्टर अभिषेक सिंह के निर्देशन में फिल्म श्री रामायण कथा बनने जा रही है। जिसकी शूटिंग आगामी 28 अप्रैल से भिलाई में मुहूर्त के साथ ही शुरू होगी, जिसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इस धार्मिक फिल्म को बनाने का बीड़ा उठाया है भिलाई के निर्माता प्रकाश महोबिया एवं संजय बुंदेला ने। इस संबंध में फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने बताया कि ये उनका सौभाग्य है कि भगवान राम पर बन रही फिल्म का डायरेक्शन करने का मौका महोबिया और बुंदेला ने मुझे दिया है। इस फिल्म में बॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्टरों के साथ ही छत्तीसगढ़ी एवं भोजपुरी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता के अलावा छॉलीवुड के सुप्रसिद्ध एक्टर्स शमशीर सिवानी सहित कई कलाकार इसमें महती भूमिका निभायेंगे। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में जबकि भगवान राम, माता सीता और रावण की भूमिका कौन बॉलीवुड एक्टर्स करने जा रहे है, अभी ये सस्पेंस रखा गया है। इसका खुलास फिल्म के प्रोड्यूसर एवं डायरेक्टर मुहूर्त के दिन ही भिलाई में करेंगे। इस फिल्म की कहानी की बात करें तो कहानी अभिषेक सिंह की है और इसके राईटर बॉलीवुड के सुपरहिट फिल्मों के राईटर चेन्नई एक्सप्रेस, गोलमाल रिटर्न, सिंघम व सिम्बा के प्रसिद्ध राइटर यूनूस सजावल के एसोसिएट सचिन कुमार सिंह है। इसके सभी गाने बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध सिंगरों ने गाया है जिसमें देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा के अलावा हिन्दी फिल्मों के प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर, जावेद अली, शाहिद माल्या, कृष्णा बेहुरा, राजा हसन, वैशाली सावंत ने अपना स्वर दिया है। इसका संगीत प्रसिद्ध म्यूजिशियन आशीष एंड देव ने दिया है।

# डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई महात्मा हंसराज जयंती





**भिलाई, 20 अप्रैल।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 में शुक्रवार को महात्मा हंसराज की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों के साथ महात्मा हंसराज के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए की गई। विद्यालय की प्राचार्या प्रियंका शुक्ला ने महात्मा के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा हंसराज अविभाजित भारत के पंजाब के आर्य समाज के एक प्रमुख नेता एवं शिक्षाविद थे। दयानंद एंग्लो वैदिक विद्यालयों की स्थापना करने के कारण उनकी कीर्ति अमर है। महात्मा हंसराज का जन्म अविभाजित भारत के पंजाब प्रांत के होशियारपुर के निकट राजवाड़ा ग्राम में हुआ था। उन्होंने 22 वर्ष की आयु में डीएवी स्कूल में प्रधानाचार्य के रूप में अवैतनिक सेवा आरंभ की, जिसे 25 वर्षों तक करते रहे। 74 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। इस अवसर पर छात्रा आईशा पांडा, रमनप्रीत ने भाषण में महात्मा हंसराज के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर श्रेष्ठ गुहा, अदिति तिवारी, स्वरा कुमारी, निष्ठा गोयल, अथर्व सिंह, वैष्णवी ,कृतिका, आरोही, रुद्र प्रताप आदि बच्चों के द्वारा संगीत शिक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में वेदा वाले ओ वेद वाले, सुखी बसे संसार सब, धन्य है तुझको ऐ भजन गाया गया। कक्षा पांचवी के बच्चों द्वारा महात्मा हंसराज की जीवनी एवं कर्तव्यपरायणता पर शानदार नाटक की प्रस्तुति दी गई। शाला प्रांगण में विशेष वैदिक पंच कुंडीय हवन किया गया जिसमें प्राचार्या प्रियंका शुक्ला, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के 750 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पवित्र आहुतियां देकर महात्मा हंसराज को स्मरण किया गया। हवन के उपरांत सभी को प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम का समापन शांति पाठ गाकर किया गया।

## एक नजर

### तीन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**रायपुर, 21 अप्रैल।** गोलबाजार पुलिस ने आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मालवीय रोड में आवागमन में बाधा पहुंचाने पर गोलबाजार पुलिस ने ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 एनजेड 9424 के चालक संतोष साहू, ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीसी 0769 के चालक देवराज जंघेल व ई-रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पीजे 1986 के चालक अब्दुल कलाम के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 20 पकड़ाए

**रायपुर, 21 अप्रैल।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 20 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने आनंद वाचनालय के पास सरेआम शराब पीते आरोपी नवीन दीवान 34 वर्ष व पुस्पेंद्र सांडिल्य 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी श्रीनाथ योगी 48 वर्ष, रूपेश बंजारे 25 वर्ष व मनमोहन यादव 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मौदहापारा पुलिस ने आरोपी गेंदलाल पटेल 42 वर्ष, मुकेश साहू 25 वर्ष व परमेश्वर साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अजीत कुमार ध्रुर्वे 29 वर्ष, टिकरापारा पुलिस ने आरोपी तरूण साहू 35 वर्ष, सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी सताब नायक 24 वर्ष, खमतराई पुलिस ने आरोपी रघुवीर सिंह 47 वर्ष एवं खरोरा पुलिस ने आरोपी अशोक टुण्डे 28 वर्ष व राहुल यादव 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी रोशन बघेल 22 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी प्रेम यादव 38 वर्ष व नंद कुमार साहू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी धनेश्वर साहू 39 वर्ष व धर्म रात्रे 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी विजय कुमार मरकाम 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### शराब बेचती महिला गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अप्रैल।** उरला पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक अधेड़ महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सरोरा में दबिश देकर आरोपिया रामबाई टंडन 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# न्याय गारंटी योजना से होगा सबका विकास: कुलबीर छाबड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के पक्ष में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा मतदाताओं आर्शीवाद मांगने व क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कांग्रेस के पक्ष में शहर में व्यापारियों व आमजनता से जनसंपर्क कर मांगा जनसमर्थन।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार 20 अप्रैल को शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के अगुवाई में कांग्रेस भवन कामठी लाइन से जनसपंर्क अभियान की शुरूआत की जो वार्ड नं. 26, 27 व 28 कामठी लाइन, गुड़ाखु लाइन, जूनी हटरी, गोल बाजार में डोर-टू-डोर जनसंपर्क करते हुए किसानपुत्र पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने व नांदगांव की आवाज देश की सर्वोच्च सदन दिल्ली तक पहुंचाने बघेल को सांसद बनाने की मांग की।

श्री छाबड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए जनसमर्थन मांगते हुए कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार मिटाना है तो और कांग्रेस की सरकार बनाना होगा। छाबड़ा ने आगे कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आते ही किसान न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, युवा न्याय गारंटी लागू की जाएगी।

**शहर कांग्रेस ने भूपेश बघेल के पक्ष में शहरवासियों से मांगा समर्थन**



कांग्रेस महिलाओं से वादा करती है कि केन्द्र में सरकार आते ही महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लागू करेंगी। इसके अंतर्गत हर महिला को साल में एक लाख रूपए अर्थात महीने में 8333 रूपए मिलेगा। वहीं केन्द्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की करेगी। देश के सभी जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाया जायेगा। इसी तरह किसान न्याय के तहत कांग्रेस महिलाओं के साथ किसानों के सुख समृद्धि के लिये 5 गारंटी सहित आम जनता के हितों के लिए कांग्रेस को समर्थन देने की मांग की। इस दौरान छाबड़ा ने व्यापारियों व गृहणियों से चर्चा कर बेतहाश महंगाई व जीएसटी पर लगाम कसने की बात की। छाबड़ा ने केन्द्र सरकार की अडियल रवैये पर बोलते हुए कहा कि भाजपा की सरकार व्यापारियों के हितों से कोई मतलब नहीं, जीएसटी के चलते व्यापारी भाईयों को लूट रही है। जिससे कारण महंगाई दिनों-दिन बढ़ रही है जिसकी सबसे ज्यादा मार आम जनता को हो रही है। जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से रमेश राठौर, मन्ना यादव, नथमल अग्रवाल, सुदेश देशमुख, अशोक पंजवानी, शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, नरेश शर्मा, नासिर जिंदरान, दिनेश शर्मा, दिनेश भानुशाली, मोहम्मद करीम, योगेन्द्र प्रताप सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, युकां अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, अभिमन्यु मिश्रा, गणेश पवार, भोला शंकर देवांगन, प्रज्ञा गुप्ता, मुस्तफा जोया, जितेन्द्र शर्मा, सावंलदास मोटलानी, सुरेश, रीना पटेल, विलयम बंसोड़, सावित्री श्रीवास्तव, विद्या तिरपुडे, फरमान अली, भरत सोनी, मोहसीन कुरैशी, राजेश चौहान, किशोर सिन्हा, सुरेन्द्र देवांगन, मनीष साहू, महेश साहू, मनीष गौतम, नीरज कन्नौजे, ललिता साहू, जीतू सिन्हा, दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था के संबंध में बैठक ली**

# मतदान केन्द्र में छांव के लिए टेंट के साथ ही पत्तियों से इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं : कलेक्टर

- मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर की व्यवस्था करने कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदान दिवस में मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि मतदान केन्द्रों में पेयजल, छांव, रैम्प, प्रकाश, फर्नीचर सहित अन्य बुनियादी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में विशेष तौर पर व्यवस्था करने की जरूरत है, इसके लिए प्रसास करें। मतदान केन्द्र में छांव की व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर टेंट के साथ ही पत्तियों से बने इकोफ्रेंडली मंडप बनवाएं। मतदान केन्द्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। सभी आवश्यक व्यवस्था के लिए अधिकारी पहले से ही मानिटरिंग करें और सभी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि शिशुवती माताओं, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को लंबी कतार में खड़ा नहीं होना पड़े, इसके लिए उनके लिए अलग से ग्रीन कॉरिडोर बनाएं। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में रैम्प होना चाहिए तथा व्हील चेयर की व्यवस्था होनी चाहिए। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की मदद के लिए एनसीसी, स्काउट गाईड, एनआरएलएम की महिलाएं मतदान केन्द्र में उपस्थित रहें।

कलेक्टर ने मतदान दलों के लिए वाहन की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा मतदान केन्द्र पहुंच मार्ग के संबंध में सभी को अवगत होने के लिए कहा। स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों का किट भी उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने मतदान दलों के भोजन के संबंध में व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिन ग्रामों में दिव्यांगजन है, वहां दिव्यांग रथ होना चाहिए तथा ई-रिक्शा की व्यवस्था होनी चाहिए। हर गांव में प्रकाश की समुचित एवं वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल उपलब्ध रहे। अधिकारियों के पास मितानिनों का नंबर होना चाहिए। आदर्श मतदान केन्द्र थीम के अनुसार बनाएं जाएंगे। संगवारी एवं युवा मतदान केन्द्र अच्छे से सजाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सेल्फी जोन बनाएं तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वस्तुओं का भी उपयोग करें। इस अवसर पर उन्होंने स्वीप कार्यक्रम एवं स्वीप संगोष्ठी के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, जनपद सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थिरत रहे।

## समाचार संक्षेप

### दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक रिमांड पर



**राजनादगांव, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर चुनाव प्रक्रिया निर्विघ्न, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब एवं नशीले पदार्थो के बिक्री में संलिप्त लोगों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 19 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई, कि राजनांदगांव बायपास के पास मेन रोड़ पर दो व्यक्ति गांजा रखकर बस का इंतजार कर रहे है, कि सूचना की तस्दीकी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु हमराह स्टॉफ के मौका पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर पकड़े। नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम व पता 01 रमेश सेठी पिता नटवर सेठी उम्र 35 वर्ष साकिन अस्का थाना अस्का जिला गंजाम (उडीसा) 02. रूचिता कुमार गोड़ पिता तुगुर गोड़ उम्र 31 वर्ष साकिन प्लाट नं. 405 रूम नं. 01 कांशी नगर बमरोली रोड़ पांडेसरा जिला सूरत शहर गुजरात बताये। तलाशी लेने पर एक कपड़ा का लाईनदार सफेद काला रंग का थैला के अंदर 25.090 कि0ग्रा0 मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी 950 रूपये तथा एक नायलोन का लाईनदार लाल पीला बैंगनी रंग का थैला के अंदर 15.610 कि0ग्रा0 मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी रकम 580 रूपये इस प्रकार कुल 40.700 कि0ग्रा0 मादक पदार्थ गांजा एवं नगदी रकम 1530 रूपये जुमला किमती 3.21.530 रूपये मिला जिसे आरोपियों के कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया, आरोपियों का कृत्य नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध सबुत पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। आरोपियो के खिलाफ अपराध क्र0 244/24 धारा 20 (बी) नारकोटिक्स एक्ट कायम कर आज दिनांक 20.04.2024 को दोनों आरोपियों को ज्यूडिशयल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगॉव में दाखिल किया गया। आगे भी अवैध मादक पदार्थ गांजा के तस्करी बिक्री में संलिप्त लोगे के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक संजय बरेठ, प्र0आर0 संदीप चैहान, जी0 सीरिल कुमार, आरक्षक रंजीत चौरसिया, रूपेन्द्र वर्मा एंव थाना स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

- आरोपियों से 40 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त

### गैलेक्सी स्कूल की छात्रा कुमारी चांद टांडे ने शाला परिवार और परिजनों को किया गौरवान्वित

**मगरलोड, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गैलेक्सी इंग्लिश मीडियम स्कूल मगरलोड के कक्षा 6 वीं पढ़ाई करने वाली होनहार छात्रा कुमारी चांद टांडे, पिता कैलाश टांडे ने एग्जाम में 82% अंक लाकर शाला परिवार के साथ माता पिता सहित परिजनों को गौरवान्वित किया है, बता दें कि छात्रा चांद टांडे इस स्कूल की नियमित विद्यार्थी है उन्होंने केजी वन से लेकर अभी तक हर वर्ष सभी कक्षाओं में लगातार फर्स्ट डिवीजन से पास होती आ रही है। बच्ची से चर्चा करने पर उन्होंने जिज्ञासा वश कहा कि वह आगे चलकर खूब पढ़ाई-लिखाई करेगी और राजस्व अधिकारी बन कर जनता की सेवा करना चाहती है, छात्रा की इस सफलता पर शाला परिवार और शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।



# 190 पौवा देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकुलदैहान, 21 अप्रैल।** आगामी लोकसभा चुनाव के तहत अवैध शराब बिक्री की रोक थाम के लिए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के द्वारा सभी थाना तथा चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था शराब कोचियो पर प्रभावी कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही थी इसी तारतम्य में दिनांक 20.04.2024 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम बखत रेंगाकठेरा में राजू सिन्हा के किराना दुकान के सामने खेत मे राजू सिन्हा नामक व्यक्ति अवैध रूप से मात्र से अधिक शराब रखा है की सूचना पर मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर रेड कर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी राजू सिन्हा पिता नोहर सिंह उम्र 41 साल निवासी ग्राम बखत रेंगाकठेरा पुलिस चौकी सुकुलदैहान जिला राजनांदगांव के पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 140 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 25.200 बल्क लीटर कीमती 12600 रुपया एवं दूसरी सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 40 पौवा बॉम्बे गोआ अंग्रेजी शराब मात्रा 9.000 बल्क लीटर कीमती 6500 रुपया कुल 190 पौवा देशी एवं अंग्रेजी शराब जुमला मात्रा 34.200 बल्क लीटर कुल कीमती 19100 रुपया को आरोपी के कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरूध्द 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में स्पेशल टीम साइबर सेल एवं पुलिस चौकी सुकुल दैहान की भूमिका सराहनीय रही।



# अभिषेक सिंह ने मांगा भाजपा प्रत्याशी पांडेय के लिए समर्थन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 21 अप्रैल।** गत दिनांक ग्राम अर्जुनी में जन सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि ये भूपेश बघेल जो यहाँ लोकसभा के कांगेस के उम्मीदवार है उसे छत्तीसगढ़ के जनता ने उसके भ्रष्टाचार व जनविरोधी कार्यो के कारण सत्ता से बाहर किया है लेकिन पुनः वापस किस मुह से वोट मांग रहा है। जो व्यक्ति अपने शासन में राजनादगांव जिले का उपेक्षा किया, विकास को रोक कर रखा,

इस बार भी झूठ के सहारे फिर वोट मांग रहा है जो अपने पूर्व के घोषणा को पूर्ण नही कर सका अब 1लाख देने की बात कर रहा है, भूपेश अपने सरकार रहते हुए 500 महिलाओं को दे न सके, 60 साल वालो को 1000, 75 साल वालो को 1500 दें न सके वो क्या 1 लाख देंगे।बेरोजगारी भत्ता के नाम पर भी युवाओं को ठगा है, एक ओर भाजपा की विष्णु देव सरकार ने मोदी जी के गारंटी को पूरा किया मात्र 100 दिन में 2 साल का बकाया बोनस, महतारी वंदन के तहत 1000 की दो किश्त, वही छत्तीसगढ़ के किसानों का धान का 917 रुपये प्रति कुंटल के दर से एक मुश्त भुगतान किया गया। भूपेश बघेल आपने तो प्रधानमंत्री आवास को रोक कर गरीब का दिल दुखाया है, वही भाजपा की सरकार बनते ही 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान किया, जनता इस बार आपके बहकावे में नही आने वाला, जनता कोयला घोटाला, राशन घोटाला, भूमि घोटाला, रेत घोटाला अब तक नही भुला है, , , इस बार मोदी जी जीत का हैट्रिक होगा वही भूपेश बघेल का तीसरी बार हारने के हैट्रिक जनता लगाने वाली है।प्रिय मतदाता भाइयों आप से विनती है इस लोकसभा चुनाव में तीसरा नंबर का बटन दबा कर संतोष पांडेय को लोकसभा भेज कर मोदी जी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने हेतु अपना कीमती वोट दे।।।उक्त सभा मे मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, धनराज ठाकुर, इंदुमती साहू, जागृति यदु, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, विजय जैन, दिनेश साहू, दीलिप साहू, दुर्गेश सिन्हा, भैया लाल, किशोर यादव, मोहन साहू, राजा साहू, पूनम साहू, चुनेस्वर साहू, भुवन साहू, व अर्जुनी सेक्टर में कार्यकर्ता शामिल हुए।

**लोकसभा निर्वाचन 2024 : मतदान अधिकारियों को अपने घर में देखकर मतदाताओं सहित परिजनों ने जाहिर की खुशी**

# अधिकारियों ने बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर-घर जाकर कराया मतदान

- होम वोटिंग कर 92 वर्षीय सुलखन सोनपिपरे लोकतंत्र के महापर्व में हुए शामिल
- 91 वर्षीय गणेशिया बाई ने विवाह समारोह के बीच, वनांचल ग्राम खैरबना निवासी 98 वर्षीय सोनकुंवर और 97 वर्षीय सोनाबाई ने घर पर अपने मताधिकार का किया उपयोग
- मतदाताओं ने कहा मतदान कर निभा रहे देश के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग के उद्देश्यों को परिलक्षित करते हुए मतदान अधिकारियों द्वारा जिले के चिन्हांकित दिव्यांगजनों और 85 प्लस बुजुर्ग व्यक्तियों के घरों में जाकर मतदान कराया गया। अत्यंत दिव्यांगता और अधिक उम्रदराज से लोकतंत्र में हिस्सा बनने से वंचित न हो, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई है। जिले के उम्रदराज और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में अपनी उपयोगिता साबित की है। होम वोटिंग के लिए नियुक्त मतदान अधिकारियों ने मतदान कराने दूरस्थ वनांचल ग्राम खैरबना, मोहनपुर, गाताटोला, तेन्दूनाला, आसरा, पुरेना, अण्डी, बिच्छीटोला, पिनकापार, मेढ़ा जाकर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के घरों में दस्तक दी। होम वोटिंग के लिए शेष रहे मतदाताओं का 19 अप्रैल को मतदान कराया गया। मतदान अधिकारियों को अपने घर में देखकर मतदाताओं सहित परिजनों ने खुशी जाहिर की। मतदाताओं ने कहा यह बहुत अच्छा क्षण है जिससे हम अपने देश के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

मोहनपुर निवासी 92 वर्षीय सुलखन बाई सोनपिपरे ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मताधिकार का उपयोग किया। सुलखन बाई के बेटे ने कहा कि यह बहुत खुशी का समय है कि लोकतंत्र के महापर्व में उनकी मां शामिल हो रही है। मतदान अधिकारियों द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान कराया जा रहा है। उनकी मां पहले स्वयं मतदान बूथ में जाकर वोट दे देती थी। लेकिन उम्र की अधिकता और लकवाग्रस्त होने के कारण पिछले दो वर्षों से बिस्तर पर है। जिसके कारण कही चल-फिर नहीं पाती है। पिछले निर्वाचन में भी होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही मतदान की थी। उनके बेटे ने कहा कि भारत निर्वाचन अयोग की इस अच्छी पहल के कारण उम्रदराज और दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार से वंचित होने से बच रहे हैं। उनके लिए यह सुविधा बहुत लाभकारी है। बिना परेशानी के वे घर पर ही वोट दे रहे हैं। जिससे वे लोकतंत्र में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रहे हैं। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग और मतदान अधिकारियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।





जिले के अंतिम छोर वनांचल ग्राम खैरबना निवासी 98 वर्षीय सोनकुंवर चंद्रवंशी और 97 वर्षीय सोनाबाई निषाद ने घर पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए अपने मताधिकार का उपयोग किया। सोनकुंवर अत्यंत बुजुर्ग हैं। वे नहीं चल पाती हैं न ही बोल पाती हैं। सोनकुंवर की नाती देवानंद ने मतदान करने के लिए सहयोग किया। परिजनों ने बताया कि पहले मतदान केन्द्र तक मतदान कराने के लिए ले जाया जाता था। लेकिन पिछले विधानसभा निर्वाचन में बीएलओ द्वारा होम वोटिंग की सूचना देने पर चिन्हांकित किया गया। पिछले विधानसभा निर्वाचन में भी होम वोटिंग के माध्यम से मतदान की थी और इस बार लोकसभा निर्वाचन में भी घर में मतदान करने का अवसर मिला है। ग्राम खैरबना की सोना बाई निषाद के बेटे ने मतदान करने में सहयोग किया। सोना बाई के बेटे ने बताया कि उनकी मां को आंखों से ज्यादा दिखाई नहीं देता है और उम्र अधिक होने के कारण स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। जिसके कारण पिछले निर्वाचन में मतदान से वंचित रह गई थी, लेकिन इस बार होम वोटिंग सुविधा से मतदान करने का अवसर मिला है।

ग्राम गाताटोला निवासी 91 वर्षीय गणेशिया बाई चंद्रवंशी ने घर में मतदान कर अपने मताधिकार का उपयोग किया। गणेशिया बाई के घर विवाह समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच मतदान अधिकारियों द्वारा गणेशिया बाई का होम वोटिंग कराया गया। इस दौरान उनके यहां मेहमान भी उपस्थित थे। सभी ने होम वोटिंग सुविधा की सराहना की। गणेशिया बाई की अधिक उम्र होने के कारण सुनने की समस्या है। उनके परिजनों ने बताया कि पिछले विधानसभा निर्वाचन के दौरान भी होम वोटिंग किया गया था। यह सुविधा मिलने से बुजुर्ग व्यक्ति के लिए बहुत सहारा मिलता है। गणेशिया बाई पहले मतदान केन्द्र में जाकर मतदान करती थी। यह सुविधा मिलने से घर पर वोट करना बहुत अच्छा लगा है।

**ड्रामा से भरा सप्ताह**

एण्डटीवी के 'अटल' की कहानी के बारे में बताते हुये नन्हें अटल ने कहा, ''नीति अटल से मदद मांगती है और उसे विश्वास है कि अटल उसकी शादी करवाने के बजाए पढ़ाई करने में उसकी मदद करेगा। अटल नीति के माता-पिता से अनुरोध करता है, लेकिन नीति के पिता उसे दखल न देने और अपना मुंह बंद रखने के लिये कहते हैं और नीति को जबरदस्ती वहां से लेकर चले जाते हैं। इस बीच, आलोक को एक टर्मिनेशन लेटर (नौकरी से निकाले जाने का पत्र) मिलता है और उसमें लिखा गया है कि इसकी वजह अटल है। वहीं, दूसरी ओर नीति के माता-पिता उसकी शादी की तैयारियों में जुटे हैं, तभी अटल कृष्णा देवी और केशव के साथ वहां आता है। उसके हाथ में नीति का लिखा एक खत है, जिसमें नीति ने लिखा है कि यदि उसकी मजबूरन शादी कराई गई, तो वह कोई कड़ा कदम उठा लेगी। उसके इस खत से लड़के वालों का परिवार हक्का-बक्का रह जाता है। कृष्णा देवी, अटल और केशव के साथ नीति राम नवमी की पूजा करने के लिये उनके मोहल्ले में पहुंचती है। यह देखकर नीति के माता-पिता गुस्से में सुदर्शन त्रिपाठी की मदद मांगने के लिये जाते हैं। सुदर्शन त्रिपाठी एक कट्टर पंडित है और सामाजिक स्थिति, जाति और धर्म पर उसका नजरिया बेहद सख्त है। नीति के माता-पिता का अनुरोध सुनने के बाद, सुदर्शन त्रिपाठी नीति के तीन दोस्तों के हाथ बांधकर उन्हें लेकर अटल के मोहल्ले में पहुंचता है, जिससे राम नवमी की पूजा में अड़चन आ जाती है। वहां पहुंचने पर सुदर्शन त्रिपाठी नीति की शादी की घोषणा करता है और श्याम बिहारी को शादी समारोह शुरू करने का आदेश देता है। अटल इसमें दखल देने की कोशिश करता है, लेकिन सुदर्शन के आदमी उसे रोक देते हैं और सभी लोगों को चेतावनी देते हैं कि कोई भी इस मामले में बीच में न आए। नीति के रोने चिल्लाने पर भी सुदर्शन को कोई फर्क नहीं पड़ता और वह सुनिश्चित करता है कि अटल और वहां मौजूद भीड़ के सामने ही शादी संपन्न हो, जिससे सभी हैरान रह जाते हैं। क्या अटल नीति की मदद कर पायेगा और उसकी शादी होने से बचा पायेगा? अटल नीति के माता-पिता को उसकी पढ़ाई जारी रखने में मदद करने के लिये कैसे मना पायेगा?''



एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''मलाइका (सोनल पंवार), हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को सलाह देती है कि वह मामलों को संवेदनशीलता से निपटाये और बल का प्रयोग करने से बचे। एक परेशान महिला पुलिस स्टेशन आती है और बताती है कि उसके पति ने एक दूसरी औरत के लिये उसे छोड़ दिया है और उसे आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया है। हप्पू उसकी जान बचाने के लिये अपना भेष बदलकर उससे दोस्ती कर लेता है। हप्पू उसका मूड अच्छा करने के लिये उसे लंच, मूवी और आउटिंग पर ले जाता है। इसके साथ ही हप्पू, राजेश (गीतांजलि मिश्रा) पर भी प्यार लुटाता है, जिससे कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) को शक होने लगता है। कटोरी अम्मा इस स्थिति के बारे में राजेश को चेताती हैं। उसी रात राजेश को हप्पू के शरीर पर वूमन परफ्यूम की खुशबू आती है और उसका शक बढ़ जाता है। गुस्से में आकर वह बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को यह बात बताती है और उसे हप्पू पर नजर रखने के लिये कहती है। राजेश की बात मानकर बेनी, हप्पू का पीछा करता है और उस औरत के साथ हप्पू की तस्वीरें खींच लेता है। बेनी, कटोरी अम्मा और राजेश को यह सबूत दिखाता है और वे दोनों हप्पू को उस औरत के साथ पकड़कर उसे चौंका देती हैं।''

एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में विभूति नारायण मिश्रा ने बताया, ''अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) की आंटी विभूति (आसिफ शेख) को यूएसए में नौकरी का एक ऑफर देती हैं और अनीता खुशी से उनकी बात मान लेती है। हालांकि, विभूति को जाने में संकोच है, क्योंकि उसे लगता है कि उसके न रहने पर अंगूरी (शुभांगी अत्रे) आत्महत्या कर लेगी। विभूति मदद के लिये तिवारी (रोहिताश्व गौड़) के पास जाता है और उम्मीद करता है कि वह अनीता को समझाये। लेकिन तिवारी तो अनीता को प्रोत्साहित करता है कि वह विभूति को यूएसए भेज दे। इससे परेशान होकर विभूति, डेविड चाचा (अनूप उपाध्याय) से सलाह मांगता है और वे कहते हैं कि उसे कुछ चौंकाने वाले कदम उठाने चाहिये, जैसे कि कोई अपराध, ताकि उसका वीजा अप्रूवल न हो सके। तिवारी उनकी बात सुन लेता है और दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) को सचेत कर देता है कि चाहे विभूति कुछ भी करे, लेकिन वह कार्यवाही न करे। टीका (वैभव माथुर) और टिल्लू (सलीम ज़ैदी) से विभूति की झड़प होने के बावजूद हप्पू उनकी शिकायत नहीं लेता

# भूमिका मीना बड़े पर्दे पर बॉलीवुड में डेब्यू कर रही

भूमिका एक साधारण घर से हैं, और सिल्वर स्क्रीन तक की उनकी यात्रा धैर्य, जुनून और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। "मुझे याद है कि जिस दिन मैंने इस किरदार के लिए ऑडिशन दिया था, उसी दिन मुझे अभिमन्यु रे सर का कॉल आया था। वर्सोवा में एक और ऑडिशन की कतार में खड़े होकर मैं खुशी से फूला नहीं समा रही थी जब मुझे यह रोल के लिए फाइनल किया गया। भूमिका कहती हैं, उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा उन्हें उद्योग में सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

"दुकान, 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई, एक मार्मिक कहानी है जो सरोगेट की पेचीदगियों का बारीकी से पता लगाती है, और हिंदी सिनेमा की दुनिया में भूमिका के भव्य प्रवेश का प्रतीक है। भूमिका किंजल के चरित्र को चित्रित करती है जो जैस्मीन उर्फ मोनिका को मजबूर करने वाले प्रमुख कारणों में से एक है। किंजल अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, वह एक किरदार में जान डाल देती है और दर्शकों का दिल जीत लेती है! इस तरह के एक प्रेरणादायक प्रोजेक्ट पर काम करने के अपने अनुभव को दर्शाते हुए, भूमिका ने साझा किया, "'दुकान' पर काम करना बेहद संतुष्टिदायक अनुभव रहा है। फिल्म के निर्देशक सिद्धार्थ-गरिमा और मैं पहली मुलाकात में ही एक दूसरे से जुड़ गए थे, जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट पढ़ी थी , मेरी आँखों से आँसू बह रहे थे, यह उनके लेखन का प्रभाव था। मैं तहे दिल से मैडम और सर की आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे इतनी खुली बांहों से गले लगाया।" "मैं पर्दे के पीछे की कहानियों के बारे में बहुत बात कर सकती हु लेकिन असल में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मुझे फिल्में पसंद हैं, मुझे अभिनय करना पसंद है, और फिल्म सेट के अलावा और कोई जगह नहीं है, जहां मैंने काम किया है यहां रहना कठिन है और मैं उन लोगों के साथ अपनी यात्रा शुरू करने के लिए ईश्वर की बहुत आभारी हूं जो सिनेमा और इसके आसपास की हर चीज के लिए समान प्यार साझा करते हैं, मुझे उम्मीद है कि मैंने अपने प्रदर्शन के साथ किंजल के चरित्र में न्याय किया है, यह एक लंबी यात्रा है! मुझे यकीन है, लेकिन एक हजार मील की यात्रा भी एक कदम से ही शुरू होती है, और वास्तव में यह एक विशेष यात्रा है।" भूमिका कहती है।



दुकान को "टॉयलेटः एक प्रेम कथा," "राबता," "कबीर सिंह" और एनिमल के लेखक सिद्धार्थ सिंह और गरिमा ने लिखा और निर्देशित किया है। अपने शानदार बॉलीवुड डेब्यू से पहले, भूमिका ने अमेज़ॅन मिनी टीवी श्रृंखला, "स्लम गोल्फ" में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, और डिज्नी + हॉटस्टार पर उपलब्ध उनकी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित लघु फिल्म "चूहेदानी" के लिए कई समारोहों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के रूप में भी सम्मानित की गई है। इसके अतिरिक्त, उन्हें कई विज्ञापनों में काम किया, वरुण धवन, दुलकर सलमान, सारा अली खान और कई अन्य उद्योग के दिग्गजों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया। जैसे ही भूमिका मीना अपनी कच्ची प्रतिभा और सपनों से भरे दिल के साथ बॉलीवुड में इस रोमांचक यात्रा पर निकलीं, वह सिनेमा की दुनिया में एक अटूट छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह से हैं !!

# डेलबार आर्य ने इम्तियाज अली की फिल्म "चमकीला" को दिया ट्रिब्यूट

डेलबार आर्य बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक प्रेरणादायक नाम है, अभिनेत्री हमेशा विभिन्न कहानी कहने वाली फिल्मों और बायोपिक फिल्मों से आश्चर्यचकित रही है जो दर्शकों के दिमाग में अमिट छाप छोड़ती है और ऐसी ही एक फिल्म



जिसने अभिनेत्री के दिमाग को उड़ा दिया था वह थी इम्तियाज अली की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म चमकीला जिसमें दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा ने अभिनय किया था.

डेलबार को हाल ही में प्रसिद्ध फिल्म निर्माता इम्तियाज आलिया ने फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग के लिए आमंत्रित किया था, जहां अभिनेत्री ने इम्तियाज के साथ उत्कृष्ट कृति देखी. इम्तियाज अली को मानव मानस में गहराई से उतरने और दुनिया भर के दर्शकों के बीच गूंजने वाली कहानियां बुनने की अपनी आदत के लिए जाना जाता है, और ऐसा ही एक अब "चमकिला" के साथ है. फिल्म, जो प्रतिष्ठित पंजाबी कलाकार, चमकीला के जीवन और विरासत पर प्रकाश डालती है, ने कच्ची भावनाओं और अनफ़िल्टर्ड सच्चाई के मार्मिक चित्रण से डेलबार को मंत्रमुग्ध कर दिया. डेलबार खुद को फिल्म और सभी की प्रशंसा करने से नहीं रोक सकीं. अभिनेत्री ने कहा,"यह एक प्रेरणादायक कहानी थी. इम्तियाज सर को सलाम कि उन्होंने पंजाब के ऐसे अनूठे कलाकार को देखा और उसे पूरे भारत के लिए पुनर्जीवित किया. चमकीला का परिचय कराने और हमें कलाकार के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद."उन पहलुओं में से एक जो वास्तव में डेलबार आर्य के साथ प्रतिध्वनित होता था, वह आत्मा-प्रेरक संगीत था जो फिल्म के हर फ्रेम में व्याप्त था. "ए.आर. रहमान सर ने प्रामाणिक पंजाबी संगीत की भावना और चमकीला की आत्मा को पूरी तरह से मूर्त रूप दिया है. प्रत्येक ट्रैक और पृष्ठभूमि संगीत के साथ, आप लगातार रोंगटे खड़े हो जाते हैं."

**आएँगे ढेरों ट्विस्ट!**

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये राजेश ने कहा, ''कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को उनके बीच रोजाना होने वाले मतभेदों की एक छोटी सीरीज बनाने का सुझाव देती हैं। इस बीच पुलिस स्टेशन में चौकी के बाहर हाथापाई करने के लिये मनोहर दो लोगों को पकड़ लेता है। मनोहर हकीकत नाम के एक दूसरे शख्स पर आरोप लगाता है कि उसने उसकी गाड़ी के चारों पहिये चोरी होने की भविष्यवाणी कर उसे परेशान किया है, जिससे उसकी रातों की नींद उड़ गई है। हकीकत अपना बचाव करते हुये कहता है कि उसके पास सुपरनैचुरल पावर्स (परालौकिक शक्तियां) हैं, जिससे उसे भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में सपनों में पता चल जाता है। हालाँकि, वह उन्हें सिर्फ पहेलियों के रूप में ही व्यक्त कर सकता है। हसीना के उसकी दूरदर्शिता के बारे में समझाने की कोशिश करने के बावजूद, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को यकीन नहीं होता और वह दोनों की बात मानने से इनकार कर देता है। बाद में एक आदमी वापस आकर हप्पू को बताता है कि उसकी गाड़ी के पहिये चोरी हो गये हैं। यह सुनकर मलाईका (सोनल पंवार) हप्पू को उस इलाके में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल नहीं करवाने के लिये खरी-खोटी सुनाती है। हप्पू शर्मिंदा होकर माफी मांगता है। अगले दिन हकीकत हप्पू को बताता है कि उसने देखा कि है कि हप्पू की पत्नी और माँ के बीच एक बहुत बड़ा झगड़ा होने वाला है। इतना सुनते ही हप्पू घर की ओर भागता है। उनकी लड़ाई देखकर हप्पू हैरान रह जाता है और हकीकत से अनुरोध करता है कि वह सपने देखना बंद कर दे। हालाँकि, हकीकत लगातार उसे अपने सपनों के बारे में बताता रहता है। इन सबसे बचने के लिये, हप्पू मनोहर से कहता है कि वह हकीकत को सोने से रोके। लेकिन अब देखना यह है कि क्या इससे हप्पू की परेशानियां खत्म हो जायेंगी।''



''एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये अंगूरी भाबी कहती हैं, ''सक्सेना (सानंद वर्मा) मॉडर्न कॉलोनी के निवासियों के लिये एक मुफ्त मेडिकल चेक-अप कैम्प आयोजित करवाता है। उसमें विभूति (आसिफ षेख) के अलावा सभी आते हैं। शारीरिक जाँचों के नतीजे देखकर लोगों को अपनी सेहत में तरह-तरह की गड़बड़ियों का पता चलता है, जैसे कि हाई डायबिटीज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, किडनी स्टोन, आदि। सक्सेना उन्हें सलाह देता है कि वे फिटनेस पर ध्यान दें और वजन कम करें। इसे पैसा कमाने का एक मौका समझकर विभूति एक फिटनेस क्लास खोलता है। वह झूठा दावा करता है कि उसके पास जापान के एक प्रतिष्ठित संस्थान की डिग्री है। हालाँकि, उसकी सारी कोशिशों के बावजूद कोई उसकी क्लास में नहीं आता है, बल्कि लोग सक्सेना से फिटनेस ट्रेनिंग लेने लगते हैं। अनीता की जिद पर तिवारी (रोहिताश्व गौड़) न चाहते हुए भी विभूति की फिटनेस क्लास को जॉइन कर लेता है। हालांकि, सेशन के दौरान विभूति अनजाने में तिवारी की गर्दन के गलत हिस्से को दबा देता है और तिवारी की गर्दन टेढ़ी हो जाती है। तिवारी को गुस्सा आता है, जब अंगूरी (शुभांगी अत्रे) समेत हर कोई उसका मजाक बनाता है। अब सवाल यह है कि विभूति तिवारी की गर्दन को सीधा कैसे करेगा?''

# 'वागले की दुनिया' में, मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया

सोनी सब पर 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी नए किस्से' आम आदमी के सामने आने वाली रोज़मर्रा की चुनौतियों को दर्शाने वाला एक दिल छूने वाला शो है। हर नए एपिसोड के साथ, वागले परिवार महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डालता है। आगामी ट्रैक में, राजेश (सुमीत राघवन) और वंदना वागले (परिवा प्रणति) ने साईं दर्शन सोसाइटी के नए मतदाताओं को हर एक वोट का महत्व सिखाने की ज़िम्मेदारी ली है। जबकि साईं दर्शन सोसाइटी की युवा पीढ़ी आगामी चुनावों में मतदान को लेकर बहुत उत्साहित नहीं दिखती है, तो पुरानी पीढ़ी उन्हें शिक्षित और प्रोत्साहित करने का एक अनूठा तरीका ढूंढती है। सोसाइटी के सदस्यों ने फैसला लेकर सोसाइटी के सचिव दक्षेश जोशीपुरा (दीपक पारीक) को एक महीने के लिए उनके पद से हटा दिया, और वंदना, ज्योति (भक्ति चौहान) और मिस्टर वालिया को उम्मीदवार बनाया। वंदना, जिनका चुनाव घोषणापत्र सोसाटी और उसके लोगों की भलाई पर केंद्रित है, केवल एक वोट से बहुमत नहीं पा सकी। दूसरी ओर, ज्योति और वालिया, जो सोसायटी के सौंदर्यीकरण पर ध्यान देना चाहते हैं, हाथ मिलकर गठबंधन बना लेते हैं। इस अनूठे दृष्टिकोण से, वंदना और राजेश इस बात पर ज़ोर देते हैं कि कैसे सोसायटी के सदस्यों के लिए 'हर वोट मायने रखता है। राजेश वागले की भूमिका निभाने वाले सुमीत राघवन ने कहा, ''लोकतंत्र में, मतदान कोई अधिकार बस नहीं है, बल्कि यह एक ज़िम्मेदारी है। और हमारा देश सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इसलिए युवा पीढ़ी को मतदान करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने की बहुत ज़रूरत है। वागले की दुनिया में हमारी इस कहानी के ज़रिये, हमारा यह दिखाना चाहते हैं कि एक वोट भी महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है।'' वंदना वागले की भूमिका निभाने वाली परिवा प्रणति ने कहा, ''युवा पीढ़ी को केवल बातों से शिक्षित करना चुनौतीपूर्ण है।



# 'अटल' में एक्टर माधव अभ्यंकर निभाएँगे खलनायक 'सुदर्शन त्रिपाठी' का किरदार

एण्डटीवी के 'अटल' में एक नया विलेन आने वाला है, जिसका नाम सुदर्शन त्रिपाठी है। अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कई सफल मराठी शोज और नाटकों में काम कर चुके माधव अभ्यंकर को यह महत्वपूर्ण किरदार अदा करने के लिये चुना गया है। एक विरोधी किरदार के रूप में उनकी भूमिका नन्हें अटल (व्योम ठक्कर) के जीवन में नई बाधाएँ और चुनौतियाँ लेकर आएगी। सुदर्शन त्रिपाठी की भूमिका निभा रहे माधव अभ्यंकर ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, "शो में मेरे किरदार का नाम होगा सुदर्शन त्रिपाठी, जो एक बेहद सख्त पंडित है। वह सामाजिक स्तर, जाति तथा धर्म पर बेहद रूढ़िवादी विचार रखता है।



परंपरा और सिद्धांतों को लेकर सुदर्शन कट्टर है। वह रूढ़ियों को बनाये रखने और नैतिकता को सबसे ज्यादा महत्व देता है। वह युगों पुराने रिवाजों, मान्यताओं और आचरण पद्धति से प्रेरणा लेता है, जो कि पीढ़ियों से चली आ रही हैं। ग्वालियर के समाज का माननीय अध्यक्ष होने के नाते वह व्यवस्था बनाये रखने, संस्कृति के संरक्षण और नैतिक मानकों को प्राथमिकता देता है। उसे लगता है कि उसके सिद्धांतों का पालन होना ही चाहिये। ब्रिटिश अधिकारियों और स्थानीय राजपरिवार के साथ उसके करीबी संबंध उसे दोनों के लिये ही महत्वपूर्ण बनाते हैं। दर्शक मेरे पिछले विरोधी किरदारों से परिचित होंगे, लेकिन एण्डटीवी के 'अटल' में सुदर्शन त्रिपाठी का किरदार ज्यादा तगड़ा है। मुझे लगता है कि वह दर्शकों को एक नया नजरिया देगा।" कहानी में अपने किरदार के आने पर संक्षिप्त में जानकारी देते हुए, उन्होंने आगे कहा, "शो में मेरा आना संयोग से राम नवमी के अवसर पर हुआ है। नीति, जिसने पढ़ाई जारी रखने और शादी से बचने के लिये अटल की मदद माँगी है, वह राम नवमी पूजा के दौरान कृष्णा देवी और अटल के साथ उनके मोहल्ले में आएगी। नीति के माता-पिता सुदर्शन त्रिपाठी से मदद माँगते हैं। वहाँ पहुँचकर सुदर्शन त्रिपाठी बिलकुल भी समय नहीं गँवाता है। वह तुरंत शादी की तैयारियाँ शुरू करने का आदेश देता है।

# घर की चाय में कलाकारों का देसी ट्विस्ट!



इंटरनेशनल टी डे दुनियाभर में पसंद की जाने वाली चाय के लिये मनाया जाता है। चाय सीमाओं और संस्कृतियों से परे है। इसे टी कहा जाए, चाय या कोई और नाम दिया जाए, इसका बेहतरीन स्वाद और सुगंध कई भावनाओं को जगा देता है। चाय का हर कप बड़ी सौम्यता से जीवन की छोटी-छोटी खुशियों की याद दिलाता है। इस खास मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने चाय के लिये अपने प्यार के बारे में बताया और यह भी कि अपने देसी तरीकों से वह चाय में कैसे-कैसे ट्विस्ट लेकर आते हैं। ये कलाकार हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'अटल' के कृष्ण बिहारी वाजपेयी, ऊर्फ आशुतोष कुलकर्णी ने बताया, ''मुझे महाराष्ट्रियन चाय पसंद है। उसे बनाने के लिये चाय की पत्ती, शक्कर और दूध को अलग-अलग उबालकर मिलाया जाता है और फिर उसका स्वाद स्वर्ग की यात्रा करा देता है। गर्म पोहा और वड़ा पाव के साथ यह चाय मिल जाने से खुशी बढ़ जाती है। मेरा ट्विस्ट है चाय परोसने से ठीक पहले उसमें इलायची का चूर्ण मिला देना। इस तरह हर चुस्की में तेज सुगंध और स्वाद आ जाता है। चाहे मौसम कोई भी हो, मैं चाय के बिना नहीं रह सकता। मैं हाल ही में राम नवमी के लिये अयोध्या के राम मंदिर गया था और मैंने इंस्टाग्राम पर 'भानु की चाय' के वायरल वीडियो देखकर उसे आजमाने का फैसला किया। 38 डिग्री तापमान के बावजूद कुल्हड़ की वह चाय पीने का अनुभव यादगार रहा। मेरे लिये चाय सिर्फ एक पेय नहीं है, बल्कि यह एक एहसास है, जो मेरे दिल को भाता है। इस इंटरनेशनल टी डे पर मैं सभी चाय प्रेमियों को बधाई देना चाहता हूँ!'' 'हप्पू की उलटन पलटन' के दरोगा हप्पू सिंह, ऊर्फ योगेश त्रिपाठी ने बताया, ''चाय के दो कप के बिना मेरा दिन अधूरा रहता है। चाय मेरे जीवन का अटूट हिस्सा है और उसके बिना एक दिन की कल्पना करना भी कठिन है। यह सिर्फ एक पेय नहीं है, बल्कि इससे मिलने वाली ऊर्जा से मेरा दिन शुरू होता है और मूड अच्छा रखने में मदद मिलती है। घर की चाय का मजा ही कुछ और होता है और मैं उसे ज्यादा स्वादिष्ट तथा सेहतमंद बनाने के लिये अश्वगंधा, तुलसी और मुलेठी मिलाता हूँ। इसके अलावा, मेरा पक्का मानना है कि चाय बनाने और पिलाने की कला एक सदाबहार रिवाज है, जो हमें धीमे चलने, हर पल का मजा लेने और जीवन की खूबसूरती को सराहने के लिये प्रोत्साहित करता है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी, ऊर्फ रोहिताश्व गौड़ ने बताया, ''मेरी होममेड चाय की रेसिपी एक खास सीक्रेट है! इसमें पुरानी यादें और नवाचार छुपा है, क्योंकि मेरे देसी ट्विस्ट में मुलेठी और लौंग से हर चुस्की का जायका बढ़ जाता है। मेरी रेसिपी सबसे चहेती यादों को जिन्दा कर देती है। मसालों और प्यार को मिला देने से वह सिर्फ चाय नहीं रह जाती है, बल्कि मेरी बीती यादों का सफर होती है और आपाधापी से भरी दुनिया में राहत देती है। चाय के लिये मिलने वाले ब्रेक हँसी-मजाक और दोस्ती को प्रोत्साहित करते हैं। शरीर और आत्मा तक को ताजगी मिल जाती है। शिमला जैसे गर्म क्षेत्र से ताल्लुक रखने के कारण बचपन में चाय मेरे लिये सिर्फ एक पेय नहीं थी; यह एकजुटता, ठिठोली और कभी खत्म न होने वाली बातचीत की एक परंपरा थी।''

# कलाकारों ने भारत के प्रसिद्ध धरोहर स्थलों पर घूमने के अनुभव साझा किए

वर्ल्ड हेरिटेज डे ऐतिहासिक स्मारकों और स्थलों को समर्पित एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस होता है। यह हर साल 18 अप्रैल को मनाया जाता है और इसके तहत संस्कृति तथा धरोहर को बढ़ावा दिया जाता है। इस दिन सांस्कृतिक धरोहर की विविधता के महत्व पर जागरूकता बढ़ाई जाती है, ताकि उसे भविष्य की पीढ़ियों के लिये संरक्षित किया जा सके। एण्डटीवी के कलाकार भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध धरोहर स्थलों पर घूमने के अपने अनुभव बता रहे हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं आशुतोष कुलकर्णी (कृष्ण बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'अटल' के कृष्ण बिहारी वाजपेयी, यानि आशुतोष कुलकर्णी ने कहा, ''भारत की शान उसके समृद्ध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री अथवा चित्रपट में दिखती है। इसकी झलक हमारे धरोहर स्थलों में मिलती है। मैंने देश में कई यात्राएँ की हैं और ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया है। मुझे यात्रा करने का शौक है और अपनी आँखों तथा यादों में ऐसी जगहों के भाव को संजोना बहुत पसंद है। हालाँकि, अयोध्या का मेरा हालिया दौरा बेहद खास साबित हुआ, क्योंकि वहाँ मैंने सांस्कृतिक धरोहर की असीम सुंदरता देखी। अयोध्या की खूबियों में ऐतिहासिक हनुमान गढ़ी मंदिर शामिल है, जो शहर के समृद्ध इतिहास का प्रमाण देता है। राम नवमी से पहले मेरी तीर्थयात्रा एक गहन आध्यात्मिक अनुभव देने वाली थी। हिन्दू पुराणों में इस मंदिर के महत्व को जानने का मुझे मौका मिला और आस-पास का क्षेत्र भी काफी शांत है। एक पहाड़ी पर स्थित हनुमान गढ़ी भगवान हनुमान को समर्पित एक अभयारण्य जैसी है। वे भगवान राम के अनन्य भक्त हैं और यह जगह अयोध्या के पवित्र स्थानों में से एक है। मंदिर की सीढ़ियाँ चढ़ते समय संगीतमय घंटियाँ सुनाई देती हैं। अगरबत्तियों की सुगंध से पूरी पहाड़ी का आभामंडल पवित्र हो जाता है। मंदिर के भीतर गर्भगृह में मुझे बहुत शांति मिली और भगवान हनुमान की अलौकिक उपस्थिति का एहसास हुआ।

**एक नजर**

## जिले में बाइक, स्कूटर रैली निकाल कर 26 अप्रैल को मतदान करने का दिया संदेश

**महासमुंद 21 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को मोटर सायकल स्कूटर रैली का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने वेडनर मेमोरियल से मोटर सायकल स्कूटर रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री एस. आलोक, स्वीप क सहायक नोडल श्री रेखराज शर्मा मौजूद थे। मोटर सायकल स्कूटर रैली में बड़ी संख्या में अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। रैली वेडनर मेमोरियल से प्रारम्भ होकर शहर की घनी आबादी वाले क्षेत्र लोहिया चौक, नेहरू चौक, बरोंडा चौक, शास्त्री चौक, बीटीआई रोड, रानी दुर्गावती चौक होते हुए चौपाटी में समाप्त हुई। मोटर सायकल स्कूटर रैली में सभी खुशी एवं उमंग के साथ शामिल हुए। प्रत्येक बाईक पर मतदाता जागरूकता का संदेश बोर्ड हाथों पर लिए अधिकारियों-कर्मचारियां द्वारा मतदाता जागरूकता स्लोगन का नारा लगाकर मतदाताओं को मतदान करने संदेश दिया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मलिक ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के संबंध में बताया और लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिलेवासियों से 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में पहुंचकर शत प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही 26 अप्रैल को मतदान अवश्य करने विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने की शपथ दिलाई।

## सामान्य प्रेक्षक अग्रवाल ने कमिशनिंग का किया निरीक्षण

**धमतरी 21 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल अग्रवाल ने आज स्थानीय भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में चल रहे कमिश्निंग कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टोरेट स्थित सी विजिल, शिकायत शाखा और वीडियो मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता से दूरभाष पर चर्चा कर शिकायत और उसके निराकरण की जानकारी ली। साथ ही प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने एफएसटी दल के अधिकारी, कर्मचारियों से भी दूरभाष पर चर्चा कर उनके लोकेशन की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर.मरकाम, नगरनिगम आयुक्त श्री विनय पोयाम सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने 16 मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**धमतरी 21 अप्रैल ।** लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल अग्रवाल ने आज धमतरी विधानसभा क्षेत्र के 16 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इनमें रूद्री स्कूल में स्थित 4 मतदान केन्द्र, गोकुलपुर स्कूल के 3, नत्थूजी जगताप स्कूल के 4 और डॉ.शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल के 5 मतदान केन्द्र शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, मतदाता गाईड बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से मतदाता पर्ची वितरण की स्थिति के बारे में भी पूछा। प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान केन्द्रों में पंखा, पानी और छाया की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर.मरकाम, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री बी.के.मगेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिला सम्मान भाजपा राज में ही संभव हुआ:संतोष पांडे

**राजनांदगाँव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे के चुनाव प्रचार को गति देने के लिए भाजपा महिला मोर्चा में युद्ध स्तर पर महतारी वंदन योजना के कार्यक्रमों का आगाज कर दिया है। इसी तारतम में आज महिला मोर्चा ने तुमडीबोड, मारगांव आसरा के ग्रामों में महतारी वंदन योजना का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाई है, और 70 साल के कांग्रेस के इतिहास में कभी भी महिला आरक्षण बिल पास नहीं हो सका जिसे भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने पास करवाया महिलाओं को आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया, सांसद संतोष पांडे ने कहा कि मोदी जी ने कश्मीर से धारा 370 हटकर देश के मुकुट को सुशोभित किया है, पांडे ने कहा कि महिला घर की लक्ष्मी होती है,इसलिए जिस घर में महिलाओं का सम्मान होता है वह स्वर्ग के समान होता है इसलिए भारतीय जनता पार्टी संस्कारों की बात करती है, और पहले पूजा माता की करती है, रामनवमी के अवसर पर उन्होंने महिलाओं को प्रणाम करते हुए अपनी बात को आगे बढ़ाया ।

# महावीर जयंती पर जैन समाज ने नगर में निकाली भव्य शोभायात्रा






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर,21 अप्रैल।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में आज महावीर जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भाति इस वर्ष भी जैन समाज द्वारा जैन मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई । जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए भगवान महावीर के द्वारा दिए गए उपदेशो और महावीर स्वामी के जयकारे के नारे लगाते हुए यह शोभायात्रा वापस जैन मंदिर पहुंची । नगर में शोभायात्रा निकालकर जैन समाज यह सन्देश देना चाहता है कि देश और क्षेत्र में अमन-चैन हो और जियो और जीने दो भगवान महावीर के संदेश को जन जन तक पहुंचना है । इस शोभायात्रा मे जैन समाज के सभी वर्ग के बच्चे , बुजुर्ग , महिला और युवा लोगो ने हिस्सा लिया । महावीर जयंती के अवसर पर बच्चो के सांस्कृतिक कार्यक्रम, भवन में भक्ति साधना के साथ अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया । राकेश जैन और नवीन जैन ने बताया कि महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को जैन समाज द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया । सुबह जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो भारत माता चौक , पुराना बस स्टैंड , जय स्तम्भ चौक , गायत्री मंदिर रोड , पाठक चौक , होते हुए वापस जैन मंदिर पहुची । जिसमे समाज के सभी वर्ग के लोगो ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया 7 शोभायात्रा के बाद सामाजिक भोज के साथ ही अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया । भगवान महावीर के दिए गए संदेश को जीवन में अपनाके उनका पालन करने की प्रेरणा सभी को दी जाती है ताकि उनके जियो और जीने दो के संदेश जन जन तक पहुंच सके । शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठ रानीदान देशलहरा , भवर लाल गोलछा , मगराज जैन , इंदर चंद जैन , धनराज जैन , मोहनलाल देशलहारा , मंगल चंद जैन , जवरीलाल , शांति लाल संचेती , युधिष्ठिर जैन , महावीर चंद लालवानी , उत्तम चंद जैन, राकेश जैन , तरुण जैन , नवीन जैन , पंकज जैन , पिंगल जैन , प्रथम जैन , बंटी जैन , कुशल जैन , प्रमोद जैन , डिंपल देशलहारा , राजू देशलहारा , वीर जैन , राजू गोलछा , संतोष गोलछा सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद थे ।

# असिस्टेंट प्रोफेसर ने खुदकुशी की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल।** भिलाई वैशाली नगर थाना अंतर्गत बीती रात रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज (आर 1) के असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष शर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा था कि वो एक लड़की से प्यार करता था उससे शादी करना चाहता था। जब लड़की ने शादी से मना कर दिया तो उसने आत्मघाती कदम उठा लिया पुलिस मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि मनीष शर्मा (32 वर्ष ) आदीवासी भवन के पास रामनगर का रहने वाला था। रुंगटा (आर-1) कॉलेज में करीब डेढ़ साल से असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में कंप्यूटर पढ़ाता था। उसके पिता पंडित धनेश शर्मा आरटीओ दुर्ग में एजेंट हैं और पंडिताई का काम भी करते हैं शनिवार को मनीष ने



परिवार के सभी सदस्यों के साथ खाना खाया। इसके बाद अपने कमरे में चला गया। रात करीब 2 बजे तक कमरे की लाइट जलती रही। लेकिन रातभर लाइट बंद नहीं हुई। सुबह करीब 6 बजे उसके चाचा मॉर्निंग वाक के लिए निकले तो मनीष के कमरे की लाइट जल रही थी। उन्होंने उसे आवाज दी तो कोई जवाब नहीं आया। मॉर्निंग वाक करके जब उसके चाचा वापस आए तो उन्होंने उसे दोबारा आवाज लगाई। लेकिन अंदर से कोई जबाब नहीं आया। इस पर कमरे में उसे देखने पहुंचे तो देखा उसकी लाश फंदे पर लटकी हुई थी। इसके बाद उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया और पुलिस को सूचना दी गई।

### पुलिस को मृतक के कमरे से मिला दो पन्नों का सुसाइड नोट

भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि मृतक मनीष अपने पिता धनेश शर्मा की इकलौती संतान था। परिजन उसकी शादी भी करना चाहते थे, लेकिन मनीष हर बार किसी ना किसी बहाने से रिश्तों को ठुकरा देता था।

सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतक के पास से दो पन्नों का सुसाइड नोट मिला, जिसमें मनीष ने लड़की का नाम लिखते हुए लिखा है कि मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं। मुझे पता है कि तुम्हारा दूसरों के साथ भी संबंध है, लेकिन फिर भी मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं

## बाहर रह रहे मजदूरों से मतदान के लिए घर आने का आग्रह

**कांकेर, 21 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र का मतदान 26 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत जिले से पलायन कर दूसरे शहर में निवासरत तथा राज्य से बाहर गए मतदाताओं के लिए विशेष अभियान घर आजा संगी÷ प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत आज ग्राम नन्दनमारा के छोटेपारा में मनरेगा कार्य स्थल पर श्रमिकों द्वारा घर से बाहर रह रहे मजदूरों को अपने घर आकर शत-प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया गया।

# घर-घर जाकर कलेक्टर ने की मतदान करने की अपील

**कांकेर, 21 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र का मतदान आगामी शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को सम्पन्न होगा। पिछले विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान कांकेर नगर में कतिपय वार्डों में मतदान का प्रतिशत कम रहा, ऐसे वार्डों में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने घर-घर जाकर मतदाताओं से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपते हुए 26 अप्रैल को मतदान जरूर करने का आग्रह किया तथा एक-एक वोट के महत्व के बारे में नागरिकों को बताया। इस दौरान वे शहर के सुभाष वार्ड, मांझापारा, पुराना बस स्टैण्ड सहित महादेव वार्ड में रहने वाले मतदाताओं के घर और प्रतिष्ठानों में जाकर लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनने की अपील की।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत आज सुबह 7.00 बजे से स्थानीय अन्नपूर्णापारा स्थित मण्डी परिसर से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में मतदान आग्रह टोली निकली, जो सबसे पहले सुभाष वार्ड पहुंची। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर स्थित घरों में जाकर कलेक्टर ने पैदल चलकर युवा, अधेड़, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं से सौजन्य भेंट की और 26 अप्रैल को नजदीकी मतदान केन्द्र में जाकर लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण अधिकार और कर्तव्य का निर्वहन करने का अनुरोध किया। साथ ही सभी जरूरी काम से पहले मतदान करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने वार्ड के मतदाता श्रीमती गणेश्वरी साहू, श्रीमती राजकुमारी सिन्हा, श्रीमती विमला बोरकर, श्रीमती स्वर्णलता-टिंकेश्वर तिवारी, श्री अनिमेश ठक्कर, श्री असलम अली, श्रीमती चन्द्रिका मेश्राम, श्री विजय वासनिक, श्रीमती सारंग बाई सहित कई लोगों से मुलाकात की और अपने हाथों से मनुहार (आमंत्रण) पत्र सौंपकर 26 अप्रैल का दिन याद रखने की समझाइश दी।



**सालगिरह याद नहीं, पर मतदान की तिथि याद है-** सुभाष वार्ड में मनुहार टोली के भ्रमण के दौरान कलेक्टर एक मतदाता दम्पति के घर पहुंचे, जहां पर उनसे शादी की सालगिरह का दिन पूछा तो कहा, याद नहीं। फिर उन्होंने मतदान की तिथि पूछी, जिस पर मतदाता दम्पति ने तपाक से कहा- ष्अगले शुक्रवार 26 अप्रैल को।ष् इस पर कलेक्टर ने उन्हें मतदान के प्रति जागरूक होने की बात कहते हुए परिवार के सभी मतदाताओं से मतदान जरूर करने की अपील की। इसी प्रकार वार्ड के घरों में जाकर वोट करने का आव्हान नागरिकों से किया।

**नेत्रहीन श्री गजभिये ने कहा- हर बार की तरह 26 को भी करेंगे वोट**-आमंत्रण हेतु भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह सुभाष वार्ड के दिव्यांग (नेत्रहीन) मतदाता श्री संजय गजभिए के घर पहुंचे। उनके पूछे जाने पर गजभिये दम्पति ने कहा कि वे हमेशा से वोट करते आ रहे हैं और आने वाले शुक्रवार को भी पोलिंग बूथ में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करेंगे।इसी तरह कलेक्टर ने मांझापारा की गलियों में जाकर लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदाताओं से वोट करने की अपील करते हुए जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने किराने की दुकान, फैंसी शॉप, चाय टपरी, सेलून, मॉर्निंग वॉक पर निकले मतदाताओं से मिलकर 26 अप्रैल का दिन याद रखने और वोट डालने का आग्रह किया। इसी तरह पुराना बस स्टैण्ड स्थित फल दुकान, होटल और रेस्टोरेंट एवं विभिन्न व्यवसायियों की दुकानों में जाकर उन्हें स्वयं वोट करने और सभी मजदूरों व कामगारों को मतदान हेतु अनिवार्यतः अवकाश देने की बात कही। इसके पश्चात् टोली में शामिल लोगों और नागरिकों को कलेक्टर ने जाति, धर्म, पंथ, समुदाय, भाषा से ऊपर उठकर और बिना किसी प्रलोभन अथवा दबाव के स्वविवेक से वोट डालने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत के सी.ई.ओ. एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल, एसडीएम कांकेर श्री अरूण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और स्वीप समिति के सदस्य मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि जिले के जिन मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत कम है, वहां पर विशेष तौर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आज शहर के सुभाष वार्ड, मांझापारा के मतदाताओं के साथ महादेव वार्ड स्थित पुराना बस स्टैण्ड के विभिन्न दुकानों में जाकर व्यवसायियों से 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान की अपील की गई।

# ऑनलाइन सट्टा,दो लाख सहित 7 युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अप्रैल।** भिलाई आनलाइन सट्टा में नुकसान की भरपाई के लिए भोपाल से बंधक बनाकर होटल हेरीटेज में छिपकर रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ा था। उसी होटल में 9 माह बाद दोबारा सुपेला पुलिस ने दबिश देकर किराए में रुम लेकर आनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले भिलाई-दुर्ग सहित दूसरे जिले के कुल 7 युवकों को दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों से 18 नग मोबाइल, 3 नग लैपटाप, 1 नग टेबलेट व 2 नग चार्जर जब्त किया है शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ लोग हेरिटेज होटल सुपेला में किराए में रूम लेकर आनलाइन सट्टा का संचालन कर रहे हैं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के मार्गदर्शन में एसीसीयू की टीम एवं थाना सुपेला पुलिस की संयुक्त टीम ने होटल हेरिटेज में छापा मारा। मौके पर पुलिस ने नीरज निर्मलकर (18वर्ष) निवासी चंद्रखुरी बस स्टैण्ड के पास पुलगांव दुर्गेश माण्डे (20



वर्ष) निवासी कचांदूर दौर रोड जेवरा सिरसा पुलगांव, टीकम पाल (21 वर्ष) निवासी माना बस्ती जिनियर पब्लिक स्कूल के पास रायपुर, रिषभ पटेल (23 वर्ष) निवासी ग्राम सिरसहा स्कूल के पास गुण्डरदेही जिला बालोद, राहुल चन्द्राकर (22 वर्ष) निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला, उदय सिंह राजपूत (22 वर्ष) निवासी न्यू कृष्णा नगर सुपेला व चेतन निषाद (22 वर्ष) निवासी ग्राम कोलिहापुरी पुलगांव मिले। इनके कब्जे से 18 नग मोबाइल, 03 नग लैपटाप, 01 नग टेबलेट व 02 नग चार्जर कीमती 02 लाख रूपये जब्त किया गया। आरोपियो से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि रूम किराये में लेकर आनलाइन सट्टा का संचालन किया जा रहा था। वर्ष 2023 में भी पुलिस ने इसी होटल में मारा था छापा जुलाई माह वर्ष 2023 में आनलाइन सट्टा मामले में भोपाल से युवक को बंधक बनाकर भिलाई लेकर पहुंचे थे और सुपेला के होटल हेरीटेज में कमरा लेकर युवक को छिपाकर रखा था उस युवक के साथ युवकों ने मारपीट कर फिरौती की मांग की थी। पुलिस के पास शिकायत आई तो तत्काल एक्शन लेकर तहकीकात की। इसके बाद होटल हेरीटेज में छापामार कर बंधक युवक को छुड़ाया और चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था

शहर के होटल, लॉज में रुकने वालों की जांच पड़ी ठंडी शहर के होटलों व लॉज में बाहरी राज्यों से आकर अपराधी आसानी से पनाह पा रहा है। खासतौर पर भीड़ वाले इलाके जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड या बाजारों के आसपास वाले छोटे लॉज व होटलों में आसानी से ठहर रहे है शहर में दर्जनभर से अधिक होटल है व लॉज है इनकी जांच की कोई व्यवस्था नहीं था थानों की पुलिस क्षेत्र के लॉज व होटलों में जाकर नियमित रजिस्टर की जांच करें

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील



**बीजापुर, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** बस्तर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 89 बीजापुर अजजा के तहत मतदान केन्द्रों मे से अति संवेदनशील क्षेत्र के मतदान केन्द्रो के लिए लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दिवस के 3 दिन पहले मतदान दलों को हेलीकॉप्टर रवाना किया गया था, जिनकी वापसी दो दिनों तक 19 एवं आज 20 अप्रैल को हो गई है। स्ट्रांग रूम के बाहर निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मतदान दलों से निर्वाचन संबंधी जानकारी ली गई। जिले में 245 मतदान केन्द्र बनाया गया था, जिसमें 10 संगवारी मतदान केंद्र, 05 युवा, 01 दिव्यांग और 05 आदर्श मतदान केंद्र केंद्र बनाया गया है। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 70 हजार 449 है। जिसमें से पुरूष मतदाता 81 हजार 981और महिला मतदाता 88 हजार 460 हैं तथा अन्य 08 मतदाता हैं। जिले में 43.42 प्रतिशत मतदान हुआ है,विधानसभा क्षेत्र बीजापुर से हैलिकॉप्टर से मतदान दलों की सकुशल वापसी हुई है । इसके पश्चात मतदान दलों के सभी सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक भवन पहुंच कर ईव्हीएम मशीनों को जमा करने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति स्ट्रांग रूम में जमा कर स्ट्रांग रूम को सील किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दलों को बधाई दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी ,जिला कोषालय अधिकारी श्री महावीर प्रसाद टंडन, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री के एस मशराम ,उप संचालक पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधी के रुप में भारतीय जनता पार्टी से श्री दीपक भट्ट एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस से श्री जितेन्द्र हेमला उपस्थित थे।

## दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के लिए मिली नि:शुल्क परिवहन सुविधा



**बीजापुर, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ।** लोकसभा निर्वाचन 2024के तहत प्रथम चरण के मतदान दिवस 19 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से जिले में दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मतदान केन्द्र पुरानी बस्ती कोंटा में नागमणि सेटटी को व्हीलचेयर में लेकर मतदान केन्द्र पहुंचाया। इस अवसर पर उन्होंने मतदान केन्द्र में मतदान करने आये मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आपके पड़ोसी मतदाताओं को भी शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों के लिए घर-घर जाकर मतदान केन्द्र तक लाने ले जाने के लिए दिव्यांग रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। दिव्यांग रथों से छिंदगढ़ में 151 मतदाताओं कोंटा में 91 मतदाता और सुकमा में 131 मतदाताओं को कुल 373 मतदाताओं को दिव्यांग रथ के माध्यम से मतदान कराया गया और वापस घर तक पहुंचाया गया। जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में भी माताएं अपने बच्चों को गोद में लेकर मतदान केन्द्र पहुंच कर मतदान किये। इसी प्रकार दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर में पहुंच कर मतदान किये, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक मतदाता और प्रथम बार युवा मतदाता सहित सभी वर्ग के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किये। इसी प्रकार नयापारा कांजीपानी निवासी दिव्यांग दुलारी एवम् थाना गुडीपारा कांजीपानी निवासी दिव्यांग सुकरा और दिव्यांग समलू को दिव्यांग रथ के माध्यम से मतदान केंद्र कांजीपनी में अपना मतदान किया। मतदान दिवस के दिन कलेक्टर श्री हरिस.एस ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवस के अवसर पर जिले में दिव्यांग मतदान केन्द्र पातर सुकमा सहित आदर्श मतदान केन्द्र, संगवारी मतदान केन्द्र में जिले के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।

## नगर में उमस वाली गर्मी के साथ बिजली बंद होने से जनता हैं परेशान

**सुकमा, 20 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचौली की समस्या से नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त है।तेज धूप व उमस ने सभी को कर रखा परेशान, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का कर रहीं काम ।एक दिन में 15 से 20 बार बिजली गुल होना आम बात हो गई है और रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद करने पर मजबूर कोंटावासी। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बिजली विभाग मौन परेशानी बताने पर भी नहीं कोई सुधार, अफ़सर नहीं उठाते कॉल।

## केशकुतुल के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़

**कोटा, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत् केशकुतुल-केशामुंडी के जंगलों में डिविजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पण्डरू एवं अन्य 15-20 माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर की टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी आज प्रातः 5.30 बजें केशकुतुल के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 01 माओवादी ढेर, मौके से हथियार, विस्फोटक एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद।

## थाना स्टाफ से दुर्व्यवहार,जुर्म दर्ज

**भिलाई, 21 अप्रैल।** भिलाई वैशाली नगर थाना स्टॉफ के साथ दुर्व्योहार करने का मामला सामने आया है पुलिस ने गाली गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले आरोपी अशोक राउत के खिलाफ धारा 186, 279, 294, 323, 353, 506 (बी) के तहत प्रकरण दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि आरक्षक नियाज खान ने शिकायक की है कि वह थाना परिसर में अपनी गाड़ी खड़ी कर रहा था उसी समय आरोपी अशोक राऊत अपनी स्कूटर को तेज लापरवाही पूर्वक चलाते हुए नियाज की गाड़ी को ठोकर मार दिया। अशोक के साथ उसकी पत्नी और बच्चा भी था नियाज ने उसे समझाने की कोशिश की तो वह उस पर तमतमा गया आंख नीचे कर बात करने कहा आरक्षक उसे पकड़ कर थाना ले आया उसे समझाने की कोशिश की लेकिन वह दुर्व्यवहार करने लगा गाली गलौज शुरू कर दिया जब उसे मना किया गया तो धक्का मुक्की पर उतर आया प्रधान आरक्षक राजू सिंह के साथ भी दुर्व्यवहार किया

## एक नजर

### कलेक्टर-एसपी घटनास्थल पर पहुंचे राहत,बचाव कार्य का लिया जायजा

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** ओडिसा में महानदी में हुई नाव दुर्घटना में राहत व बचाव कार्य जारी है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल व सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। यहां आईजी नॉर्दन रेंज संबलपुर, श्री हिमांशु कुमार लाल, झारसुगुड़ा जिले की कलेक्टर झारसुगुड़ा सुश्री अबोली सुनील नरवने, एसपी झारसुगुड़ा श्री परमार स्मित परशोत्तमदास भी मौके पर मौजूद है। यहां ओडीआरएएफ और फायर टीम के गोताखोर राहत और बचाव कार्य में लगे हुए हैं। भुवनेश्वर से स्कूबा डाइवर को भी बुलवाया जा रहा है। घटना के बारे में अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नाव पलटने से 1 महिला की मृत्यु हुई है, जिसका शव बरामद कर लिया गया है, उनकी उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 लोग लापता हैं। जिसमें 4 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। प्रभावित लोग खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली के हैं। नाव में खरसिया ब्लॉक के अंजोरीपाली व गोर्रा तथा रायगढ़ ब्लॉक के कोतरलिया और छपोरा के लोग सवार थे। मृतक महिला अंजोरीपाली की थी।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने सुरक्षित बचाए गए लोगों के स्वास्थ्य जांच और आज रात ही उन्हें उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी, सीईओ जनपद रायगढ़ श्री राजेश साहू, सीईओ जनपद खरसिया श्री हिमांशु साहू सहित अधिकारी कर्मचारियों की टीम भी मौके पर राहत व बचाव कार्य में लगी है। रायगढ़ पुलिस की टीम भी यहां मौजूद हैं।

### बाल विवाह रोकने प्रशासन सख्त

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाकर टीम गठित की गई थी। बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी स्तरो पर सख्ती बरतने के फलस्वरूप जिले में रामनवमी के दिन बाल विवाह होने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त नही हुई।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ क्षेत्रो में रामनवमी तथा अक्षय तृतीया के अवसर पर विवाह कराने की परम्परा है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8 बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन की टीम द्वारा समझाईश देकर बाल विवाह रोका गया था। बाल विवाह केवल सामाजिक बुराई ही नही अपितु कानूनन अपराध भी है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार बाल विवाह पर पूर्णतः प्रतिबंध है, बाल विवाह में शामिल होने वाले माता-पिता पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही का प्रावधान है, कोई भी व्यक्ति जो जानबूझकर ऐसी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करता है उसे 02 वर्ष तक के कठोर करावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपये तक हो सकता है। बाल विवाह से महिलाओं के कम उम्र मे शादी करने से बच्चों मे कुपोषण की संभावना, मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर एवं घरेलू हिंसा में वृद्धि होती है, जो समाज के लिए चिंताजनक है, जो सामाजिक बुराई को बढ़ावा भी देती है, जो बालको की सर्वोत्तमहित मे नही है। अतः जिला प्रशासन बाल विवाह की रोकथाम हेतु चौकस है तथा आगामी 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए कलेक्टर द्वारा सजग रहने के निर्देश दिये है।

### सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान करने तिथि एवं समय निर्धारित

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारी/कर्मचारियों के लिए रायगढ़ जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा हेतु सुविधा केन्द्र एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी)का गठन करते हुए मतदान कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है।

डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाकमत श्री महेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक, नगर सेनानियों, अनिवार्य सेवा के मतदाताओं एवं अन्य निर्वाचन कर्तव्यों में संलग्न मतदाताओं के मतदान हेतु सुविधा केन्द्र/ पोस्टल वोटिंग सेन्टर (पीवीसी) कलेक्टोरेट परिसर चक्रधर नगर रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष प्रथम तल को मतदाता सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

### ग्राम पंचायत रजनकटा में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर बड़ा झोल झाल

# गुपचुप तरीके कर दी गई जांच, शिकायतकर्ता को बुलाया तक नही

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/पांडुका, 21 अप्रैल।** गांव के विकास कार्यों के लिए ग्रामीणों द्वारा ग्राम समिति के माध्यम से एक-एक रुपए घर घर से चंदा के रूप में पैसा इकट्ठा किया जाता है ।ताकि गांव के सार्वजनिक ,धार्मिक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमो सहित ग्राम के छोटे छोटे विकास कार्य में लगाया जा सके पर गांव के इस राशि में 50 हजार रुपए ग्राम के गौठान में मौजूदा ट्रांसफार्मर के सिप्टिंग के नाम से लेन देन होने का मामला सामने आया था बता दे की 16 जनवरी 2024 का ग्राम के एक युवा द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में मौजूद होकर कलेक्टर के पास ग्राम पंचायत रजनकटा में गौठन निर्माण में ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर शिकायत किया था। जिस पर तत्काल विद्युत विभाग के अधिकारी गरियाबंद को कलेक्टर जनदर्शन में बुलाकर तुरंत मामले का निराकरण करने को कहा गया था और विद्युत विभाग के अधिकारी ने शिकायत कर्ता को निष्पक्ष जांच का भरोसा भी दिलाया था पर विद्युत विभाग के अधिकारी ने जांच टीम गठित कर 28 फरवरी 2024 को अपनी जांच रिपोर्ट कलेक्टर गरियाबंद के पोर्टल को प्रेषित कर दिया है जब टोकन नंबर के हिसाब से जानकारी निकाली गई तो ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग व इसके







स्टीमेट का कोई जिक्र ही नहीं है ।हैरानी की बात यह है की शिकायतकर्ता आवेदक को इस जांच में बुलाया नही गया है और ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव और ग्राम समिति के कुछ लोगो के साथ मिल कर चुपचाप जांच कर दिया गया।जबकि आवेदक की माने तो पूरे ग्राम समिति के बैठक में गांव के बीच में ग्राम के एक व्यक्ति को 50 हजार ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के नाम से नगदी दिया गया था और साथ ही ग्राम पंचायत द्वारा 50 हजार रुपए दिए जाने की बात हुई थी आवेदक के बिना बुलाए इस तरह गुपचुप तरीके से जांच कर देना संदेह के घेरे में आता है और एक एक रुपया चंदा कर गांव के विकास के लिए ग्रामीण पैसा इकट्ठा किए रहते हैं। फिर उस 50 हजार की राशि का हेरा-फेरी किसने की जब बिजली विभाग अपने जांच में पैसा प्राप्त नहीं होने की बात कह रहा है तो क्या कथित व्यक्ति द्वारा गुपचुप तरीके से गांव के भोले भाले लोगो को बेवकूफ बना कर तो पैसा नही हड़प ली। दूसरी बात जांच में एक बड़ा सवाल यह है कि 16 सितंबर 2022 को ग्राम के गौठन में नए कनेक्शन की मांग के लिए सरपंच सचिव द्वारा आवेदन किया गया जिसमें 6 किलो वाट घरेलू प्रयोजन के हिसाब से कार्यालय कनिष्ठ अभियंता पांडुका में आवेदन जमा किया था। जिस पर दिनांक 27 सितंबर 2022 को स्वीकृति दी गई है और 17 अक्टूबर 2022 को कार्य आदेश दिया गया है साथ इसमें डिमांड राशि के रूप में 11 हजार 325 रुपया का ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान भी किया गया है। इस प्रकार सरकारी कार्यों के लिए ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग होना और घरेलू कनेक्शन के लिए आवेदन जमा किया गया आखिर ग्राम पंचायत द्वारा अपने किस प्रयोजन के लिए घरेलू कनेक्शन लिया गया यह स्पष्ट नहीं है। कही सरपंच और गांव के बिजली विभाग के कर्मचारियों ने यह गड़बड़ी तो नही की इस प्रकार यह पैसे का लेन देन किसी ग्रामीण के गले नहीं उतर रहा है और कुल मिलाकर यह कहा जाए की संभागीय कार्यालय गरियाबंद द्वारा अपने कनिष्ठ यंत्री पांडुका के अधिकारी कर्मचारी एवं रजनकटा में लेनदेन किये किसी व्यक्ति को बचाने के लिए गुपचुप तरीका से यहां जांच कर मामला का निपटारा कर दिया गया है जबकि गांव के बीच में पैसे देने की बात ग्राम समिति के सदस्य ने स्वीकार किया गया है।और आज भी ये बात वो कबुल रहे है। जिसके कॉल रिकॉर्डिंग आवेदक के पास मौजूद है इस प्रकार गलत तरीके से शासन को चूना लगाने के लिए ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग कर दी गई और उसके बाद घरेलू कनेक्शन के नाम पर गौठान में मात्र 11 हजार 325 रूपये का भुगतान किया गया इस प्रकार हुए इस गड़बड़ झाला को लेकर अब शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है और ऊर्जा मंत्री सहित रायपुर डंगनिया स्थित उच्च कार्यालय में शिकायत करने की बात कही जा रही है। जिसमें गांव के तथा विभाग के दोषी कर्मचारियों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। या फिर गांव का पैसा वापस करे जिसे नव निर्मित शीतला माता के मंदिर निर्माण में लगाया जा सके।

## उड़नदस्ता दल के सदस्य ने निर्वाचन कार्य में बरती लापरवाही कारण बताओ नोटिस जारी

**गरियाबंद, 21 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में शामिल गरियाबंद में भी 26 अप्रैल को मतदान होगा। निर्वाचन कार्यों के निर्वहन के लिए विभिन्न दलों का गठन किया गया है। साथ ही उन्हें विशेष दायित्व भी सौंपे गए है। इसी के तहत निगरानी के लिए उड़नदस्ता दल भी बनाए गए है। उड़नदस्ता दल में शामिल अधिकारी को निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर

दीपक अग्रवाल ने उड़नदस्ता दल में शामिल उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा राधाकृष्ण शर्मा को निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण कारण बताओ नोटिस जारी किया है।उड़नदस्ता दल में शामिल श्री शर्मा की ड्यूटी विधानसभा 55 - बिन्द्रानवागढ के एफएसटी टीम खुटगांव में उड़नदस्ता दल -2सी के दल प्रभारी के रूप में लगायी गई है द्ध 19 अप्रैल को दोपहर 03ञ्35 बजे जिला कंट्रोल रूम गरियाबंद में सी विजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जाँच हेतु उन्हे आदेशित किया गया था, परन्तु उनके द्वारा उक्त शिकायत के संबंध में तत्काल आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई। दोपहर 3ञ्35 मिनट पर प्रेषित शिकायत को शाम 4ञ्40 बजे जाँच हेतु उनके द्वारा स्वीकार किया गया, किन्तु शाम 06ञ्30 बजे तक उनके द्वारा उक्त शिकायत की जाँच नहीं की गई, जिसकी पुष्टि स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी देवभोग के माध्यम से की गई। उक्त शिकायत के संबंध में जिला कंट्रोल रूम के अधिकृत कर्मचारियों के द्वारा उनको टेलीफोनिक सचेत करने पर उनसे गैर जिम्मेदाराना ढंग से बर्ताव किया गया। उनकी यह गतिविधि पूर्ण रूप से सिविल सेवा आचरण नियमों एवं निर्वाचन ड्यूटी के प्रति लापरवाही को दर्शित करता है। चूंकि सी विजिल में प्राप्त शिकायतों की जाँच निर्धारित समय-सीमा में किया जाना होता है एवं ऐसी शिकायते निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के दृष्टिकोण से अत्यधिक संवेदनशील है ।

यह जानकारी होने के बावजूद उड़नदस्ता दल के सदस्य श्री शर्मा द्वारा लापरवाही बरतना पाया गया है। उनका उक्त कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील आचरण) नियम, 1965 के नियम 1,2,3 का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्हें उक्त कृत्य के लिए उनके विरूध्द क्यों न अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावें, इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उक्त संबंध में 22 अप्रैल तक कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए गए है। संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की स्थिति में गुण व दोष के आधार पर एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु आयोग को प्रस्ताव प्रेषित किया जाएगा।

### जनरल ऑब्जर्वर एवं पुलिस ऑब्जर्वर ने नियंत्रण कक्ष का किया निरीक्षण

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र-02 के लिए आज नामांकन के अंतिम तिथि रही। इसके साथ निर्वाचन की प्रक्रिया को निर्बाध रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर डॉ.अंशज सिंह, आईएएस एवं पुलिस ऑब्जर्वर श्री मुख्तार मोहसिन, आईपीएस रायगढ़ पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ऋषा ठाकुर भी साथ उपस्थित रही।

## पुलिस प्रेक्षक ने किया केआईटी स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण



**रायगढ़, 21 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 02 रायगढ़ के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक आईपीएस श्री मुख्तार मोहसिन ने आज स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केआईटी स्ट्रॉन्ग रूम गड़उमरिया में स्थित चारों विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम, मतगणना कक्ष एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्वप्रथम पुलिस प्रेक्षक श्री मुख्तार मोहसिन ने विधान सभावार बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया एवं सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने बताया की चारों विधान सभा के लिए बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम के सामने एवं कॉरिडोर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके साथ सिक्योरिटी हेतु फोर्स तैनात किया गया है। पुलिस प्रेक्षक श्री मोहसिन ने स्ट्रॉन्ग रूम से मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था, मतदान सामग्री वापसी की व्यवस्था मूवमेंट, मतगणना स्थल एवं पहुंच मार्ग की गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने मशीनों की मूवमेंट रूट एवं मतगणना स्थल वाले स्थानों में बेहतर तरीके से बेरीकेट करने के साथ ही कार्य पूर्ण होने पश्चात उनकी स्ट्रेंथ की जांच सुनिश्चित करने एवं ड्राई रन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था के साथ ही अग्नि सुरक्षा हेतु प्रत्येक कक्ष में अग्नि शमन यंत्र रखने के निर्देश दिए।इस दौरान पुलिस प्रेक्षक श्री मोहसिन कंट्रोल रूम भी पहुंचे। उन्होंने सभी स्ट्रॉन्ग रूम के सीसीटीवी कैमरे की एंगल की जांच की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के निरीक्षण के लिए सीसीटीवी के फुटेज उपलब्ध करवाने टीवी लगवाने तथा पेयजल की व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, जिला सेनानी नगर सेना श्री बी.कुजूर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, तहसीलदार पुसौर श्रीमती नेहा उपाध्याय, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैठक में अनुपस्थित 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 21 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न कराने की तैयारियां अंतिम चरणों में है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल लगातार निगरानी बनाए हुए निर्वाचन की सभी तैयारियों को पूर्ण कराने में जुटे हुए हैं। इसी तारतम्य में उन्होंने आज एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एसएसटी - एफएसटी दलों, जनपद पंचायत सीईओ एवं नगरी निकायों के सीएमओ की बैठक ली। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में स्थैतिक निगरानी दल के चार अधिकारीगण अनुपस्थित रहे। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिएकलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्थैतिक निगरानी दल एवं उड़न दस्ता दल के अधिकारियों के द्वारा जिले में की जा रही निगरानी, अवैध सामग्रियों के परिवहन



पर कार्यवाही एवं जांच नाकों में वाहनों की जांच के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने चुनावी मोड में सक्रिय होकर सभी दलों को कार्य करने के निर्देश दिए। जांच नाको में सभी वाहनों को सही तरीके से जांच करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा की निर्वाचन कार्यों को गंभीरता पूर्वक पूर्ण करते हुए सक्रियता से दायित्व का निर्वहन किया जाए। । वीसी बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) विकसित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने आज वीसी के माध्यम से बैठक में जिले के सभी मतदान केदो में की जा रही अंतिम तैयारियों की जानकारी जनपद पंचायत के सीईओ एवं नगरी निकायों के सीएमओ से ली। उन्होंने आदर्श मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी लेते हुए विशेष थीम आधारित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर पानी, छाया एवं आवश्यकता अनुसार बैठक व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अच्छी हालत की पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं के तहत पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, पानी की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओ के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष की भी व्यवस्था का परीक्षण कर तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर मतदान केन्द्र में उनके सहयोग हेतु सेवाएं लेने के निर्देश दिए। आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

### सभी 15 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र पाए गए विधिमान्य



**रायगढ़, 21 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 के लिए नाम निर्देशन पत्र 12 से 19 अप्रैल तक दाखिल किए गए। अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री कार्तिकेया गोयल के द्वारा आज अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई। इस दौरान जनरल आर्ब्जवर डॉ.अंशज सिंह, आईएएस, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक-02 लोकसभा निर्वाचन के लिए दाखिल 15 अभ्यर्थी जिनमें श्री इनोसेंट कुजूर-बिड़ना उरांव-बहुजन समाज पार्टी, डॉ.मेनका देवी सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री राधेश्याम राठिया-भारतीय जनता पार्टी, श्री अलबर्ट मिंज-हमर राज पार्टी, श्री गुलेश्वर पैंकरा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, श्री बादल एक्का-सर्व आदि दल, श्री मदन प्रसाद गोंड-गोड़वाना गणतंत्र पार्टी, श्री अभय कुमार एक्का-निर्दलीय, श्री उदय कुमार राठिया-निर्दलीय, श्री गोवर्धन राठिया-निर्दलीय, पूजा सिदार-निर्दलीय, श्री प्रकाश कुमार उरांव-निर्दलीय, श्री भवानी सिंह सिदार-निर्दलीय, श्री महेन्द्र कुमार सिदार-निर्दलीय एवं श्री रूपनारायण एक्का-निर्दलीय के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य पाए गए। नाम निर्देशन पत्र वापस लिए जाने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। इसके पश्चात अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। आगामी 7 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा तथा मतगणना की तिथि 4 जून 2024 निर्धारित है।

### स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** नई शिक्षा नीति के तहत आधारभूत संख्यात्मक एवं साक्षरता ज्ञान एफएलएन के तहत विकासखंड के बच्चों में पढ़ने की दक्षता के जांच हेतु विकासखंड स्तरीय स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज बीआरसी भवन रायगढ़ में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रथम स्थान प्राप्त चयनित बच्चों के द्वारा भाग लिया गया।

यह प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में उपस्थित समस्त बच्चों में सबसे शुद्धता एवं तेज गति से पढ़ने का पुरस्कार प्राथमिक शाला पटेलपाली कक्षा पांचवी में अध्ययनरत श्री गगन गुप्ता संकुल केंद्र तारकेला, क्लब क्लस्टर कोतरा ने प्राप्त किया।

इसी प्रकार कुमारी जरीना फातिमा प्राथमिक शाला रेगड़ा ने द्वितीय तथा दीपेश चौहान प्राथमिक शाला बेहरापाली, कक्षा तीसरी संकुल केंद्र जामगांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 13 संकुलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें से सभी उपस्थित बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल प्रदान किया गया।

## कलेक्टर ने मतदाता मित्र के रूप में स्काउट गाइड को दिए दिशा निर्देश

**राजिम, 21 अप्रैल।** जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के आदेशा नुसार,जिला सचिव स्काउट गाइड रोमन लाल साहू के निर्देशन एवं डी ओ सी(स्काउट)आशीष कुमार साहू डी ओ सी (गाइड) सीमा साहू के नेतृत्व में जिला गरियाबंद के आसपास के विद्यालयों के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजरो को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान केंद्रों में मतदाता मित्र के रूप में निशक्तजनो,दिव्यांगजनों,वृद्धजनों एवं असहाय की सहायता के लिए दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया. इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि आप सभी मतदान केन्द्र में जाकर दिव्यांग, बुजुर्ग एवं असहाय लोगो को बूथ स्थल तक लाने ले जाने में उनकी मदद करें साथ साथ त्याग,समर्पण एवं निस्वार्थ भावना के साथ कार्य करते हुए मानवता का परिचय देवें.जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत ने कहा कि सेवा भावना स्काउट गाइड का मुख्य कार्य है और वे इसके लिए हमेशा तैयार रहते






हैं.आपको मतदान केंद्रों में दो पालियों में प्रथम पाली सुबह 7ञ्00 से 12ञ्30 बजे एवं द्वितीय पाली 12ञ्30 से 5ञ्00 बजे तक निशक्तजनो,दिव्यांग एवं वृद्धजनों की सहायता करना है. इसके लिए आपको मतदाता मित्र बनाया गया है.आगे उन्होंने कहा कि जिले मतदान केंद्रों के लिए सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की स्काउट- गाइड, रोवर रेंजरों की सूची मंगाकर उनकी सेवा के लिए ड्यूटी लगाई गई है. अतः इसे सभी प्राचार्य गंभीरता से लेवें.तत्पश्चात स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजरों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश देते हुए जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को संदेश दिया गया.इस अवसर पर ए डी पी ओ बुद्ध विलास सिंह, सहायक संचालक के. एस. पैकरा,सहायक क्रीड़ा अधिकारी यू. के. नेताम जिला आयुक्त गाइड रेखा शुक्ला, प्राचार्य वंदना पांडे, विकासखंड सचिव लुकेश्वर प्रधान(गरियाबंद), सहसचिव धर्मेंद्र ठाकुर प्रेमलाल साहू(सचिव छुरा)स्काउटर -गाइडर गोविंद किशोर, किरण सारथी,रूपा साहू, तुकेश्वरी कंवर, राखी पटेल, वर्षा पटेल, रोवर युवराज साहू, पुष्पेंद्र रेंजर खुशबू, पूनम स्काउट गाइड, रोवर रेंजर एवं प्रभारी उपस्थित थे.उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

## धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र के कीदा परिसर में हाथी ने ग्रामीण को कुचला

**रायगढ़, 21 अप्रैल।** वन मंडलाधिकारी धरमजयगढ़ वनमंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 अप्रैल 2024 को परिक्षेत्र सहायक वृत्त बनहर अंतर्गत परिसर कीदा के ग्राम खर्रा निवासी श्री जनकराम साहू पिता बहादूर साहू, उम्र 82 वर्ष लगभग, जो कि सुबह लगभग 5.15 बजे स्थानीय नाम धान टीकरा स्थल पर महुआ बीनने जा रहा था, रास्ते में विचरण कर रहे एक नर वन्यप्राणी जंगली हाथी से आमना-सामना हो जाने के कारण मौके पर ही श्री जनक राम साहू को हाथी द्वारा दौड़ाकर उसे मार दिया, श्री जनक राम साहू के पीछे-पीछे एक ग्रामीण श्री जयपाल साहू पिता गंगाराम साहू भी जा रहा था, जो कि वन्यप्राणी जंगली हाथी को देखकर, मौका स्थल से दौड़कर गांव की तरफ भागा। ग्रामीणों के द्वारा दूरभाष के माध्यम से परिसर रक्षक कीदा श्री मनमोहन प्रताप सिंह, सूर्यवंशी वन रक्षक को उक्त घटना की सूचना दी गई। तत्पश्चात वन परिक्षेत्राधिकारी छाल एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मौका स्थल पर तत्काल पहुंचें। मौका स्थल पर स्वास्थ विभाग के अधिकारी द्वारा शव का परीक्षण किया गया, शव परीक्षण उपरांत पुलिस विभाग छाल के अधिकारी एवं उप वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ के समक्ष शव को उनके परिजन को सौंपा गया। शासन के नियमानुसार मृतक के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुये उनके परिवार के बड़े पुत्रा श्री साहेब लाल साहू, उम्र 46 वर्ष को तत्कालीक सहायता राशि 25 हजार रुपये, वन परिक्षेत्राधिकारी छाल के द्वारा उप वनमंडलाधिकारी के माध्यम से दिया गया। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी है। धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्रा हाथी प्रभावित क्षेत्र है। विभाग द्वारा नियमित रुप से विभागीय कर्मचारी, कोटवार, ग्रामीण स्तर पर बने वाट्सअप ग्रुप, हाथी मित्रदल द्वारा वन्य प्राणी, जंगली हाथियों की गतिविधियों के बारे में ग्रामीणों को सूचना देकर सचेत किया जा रहा है। हाथी विचरण क्षेत्र में महुआ बीनने या अन्य किसी कार्य से न जाने हेतु समझाईश दिया जा रहा है।

### व्यय प्रेक्षक दबास ने औराई चेक पोस्ट का किया निरीक्षण



**महासमुन्द 21 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत व्यय प्रेक्षक द्वारा लगातार चेक पोस्ट का निरीक्षण किया जा रहा है। महासमुंद लोकसभा क्रमांक 09 के महासमुंद, खल्लारी, बसना एवं सरायपाली के व्यय प्रेक्षक श्री मनीष कुमार दबास द्वारा आज अंतर जिला महासमुंद बलौदाबाजार जिले की सीमा के एस.एस .टी. औराई चेकपोस्ट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उक्त स्थान में जांच की गई वाहनों की जानकारी, पंजियों के संधारण इत्यादि का अवलोकन भी किया और 24 घंटे सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी रखे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिए । निरीक्षण के दौरान श्री अब्दुल वहीद खान लाइजनिंग अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### ओवर रेट या मिलावटी शराब बिक्री पर ग्राहक कर सकते हैं तत्काल शिकायत

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालित समस्त देशी/विदेशी/ कम्पोजिट मदिरा दुकानो से शासन के द्वारा निर्धारित दर पर एवं बिना मिलावट के मदिरा का विक्रय किया जा रहा है। यदि किसी भी मदिरा दुकानों से अधिक दर पर या मिलावटी शराब की बिक्री की जाती है तो इसकी शिकायत आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर-14405 एवं आबकारी नियंत्रण कक्ष बलौदाबाजार के टेलीफोन नम्बर-077273-58877 पर शिकायत दर्ज करवायी जा सकती है। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल जांच कर कार्यवाही की जावेगी इसके साठ ही शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जावेगी।

### मरवाही की जनता को संबोधित कर सरोज पांडेय ने लिया आशीर्वाद

**कोरबा, 21 अप्रैल।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र के मारवाही विधानसभा के ग्राम सेखवा, पथरी, अड़भार, रुमगा, अमेराटिकरा, भरीडोड, बरगवा, कुम्हारी, मरवाही, परासी, चंगेरी में आयोजित नुक्कड़ सभा को कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय ने सबोधित कर आमजनों से आशीर्वाद लिया। जिसके बाद सभा में उपस्थित जन मानस को संबोधित करते सरोज पांडेय ने कहा भारतीय जनता पार्टी की ओर से आपका प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनाव मैदान में हूं. चुनाव में जीत के लिए आप सभी का सहयोग और आशीर्वाद मांगने आई हूं. केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के लिए लगातार काम करके विभिन्न योजनाओं से सीधा लाभ दिया है, किसानों को दो साल का बकाया बोनस और धान का समर्थन मूल्य 31 सौ रूपये दिया गया. महतारी वंदन योजना से सीधे महिला शक्तियों को नमन किया. देश में विकास की नई गाथा लिखी गई है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के इस मूलमंत्र को लेकर हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी गरीबों, किसानों सहित हर वर्ग के लिए काम करते हैं, उनके द्वारा किए जा रहे देश हित के कार्यों को देखकर कांगेस और अन्य पार्टियां बौखला गई हैं. हमे किसी की बौखलाहट पर ध्यान नहीं देते हुए देश की जनता के विकास पर जोर देते हुए कार्य करना है. इस कार्यक्रम में प्रणव मरपच्चीं (विधायक मारवाही), किशन ठाकुर(मण्डल अध्यक्ष), कन्हैया राठौर, संजय अग्रवाल, राकेश चतुर्वेदी, अरुण चैहान, केशव पांडेय, बृजलाल राठौर, लाल यादव व सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सी-विजिल एप से आचार संहिता के उल्लंघन की आम नागरिक कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा, 21 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं। सी-विजिल मोबाईल ऐप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है।

पापी पेट का सवाल...




सिमगा, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राम नवमी के दिन दोपहर 12 बजे राम लला जन्मोत्सव मनाया गया तत्पश्चात भजन कीर्तन किया गया दोपहर 2 से 4 बजे तक रामायण पाठ (पुरुषो के द्वारा) फिर 4 से 6 बजे तक रामायण पाठ (महिला मंडल के द्वारा) शाम 6.30 बजे राम जी महाआरती एवम् राम स्तुति एवम् 56 भोग लगाया गया तथा 56 भोग प्रसाद वितरण किया गया

रायपुर लोस के सामान्य प्रेक्षक पहुंचे बलौदाबाजार, निर्वाचन की तैयारी के सम्बंध में ली समीक्षा बैठक

# मतदान कर्मियों, सेक्टर अधिकारियों व माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाएं : कुमार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र रायपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस संजय कुमार शनिवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे।उन्होंने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के सम्बंध में विभिन्न नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्वाचन में अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण, ईवीएम मशीनों के परिचालन व परिवहन में सावधानी पर विशेष जोर देते हुए जरूरी निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार उपस्थित थे।

सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण निर्वाचन में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। मतदान कर्मियों, सेक्टर अधिकारियों, माइक्रो ऑब्जर्वर सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भरपूर प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाएं। सेक्टर अधिकारियों से सतत संपर्क बनाए रखें। किसी भी प्रकार की समस्या या शंका हो तो उच्च अधिकारी को जरूर बताएं। उन्होंने अंतरजिला से संबंधित कार्य के सुचारू संपादन हेतु एक दूसरे जिले के अधिकारियों से बेहतर समन्वय बनाने कहा। उन्होंने मतदान के दिन ईव्हीएम मशीन में मॉक पोल डिलीट करने एवं व्हीव्हीपैट से पर्ची निकालने में विशेष सतर्कत व सावधा रहने के निर्देश दिए। इसके साथ ही

विधानसभावार की जा रही निर्वाचन तैयारियां की जानकारी ली। कलेक्टर के. एल. चौहान ने निर्वाचन तैयारियों के सम्बंध में जानकारी देते हुए मतदान केंद्र की संख्या, सर्विस वोटर, आदर्श आचरण तथा व्यय निगरानी दलों का गठन, सामग्री वितरण एवं संग्रहण, सेक्टर रूट तथा वहां व्यवस्था, महिला, दिव्यांग एवं आदर्श मतदान केंद्र, ईवीएम एवं स्ट्रांग रूम, वेब कास्टिंग, सी विजिल एप्प की जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार ने जिले की भौगोलिक स्थित, पुलिस बलों की संख्या, थानों की संख्या, संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या, एसएसटी एवं एफएसटी टीम आदि की जानकारी दी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर.दुबे सहित एआरओ एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

लोकसभा क्षेत्र रायपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस संजय कुमार की उपस्थिति में शनिवार को विधानसभा क्षेत्र-45 बलौदाबाजार एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा के मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। एनआईसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने बलौदाबाजार-45 के 196 एवं भाटापारा-46 विधानसभा क्षेत्र के 282 मतदान केंद्रों के लिए मतदलों का निर्वाचन आयोग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन के माध्यम से मतदान दलों को मतदान केंद अलॉट करने की प्रक्रिया की गई। रेंडमाइजेशन के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर.दुबे दोनों विधानसभा क्षेत्र के एआरओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।




# सामान्य प्रेक्षक ने आईटी और मुकुटधर पांडेय कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

## मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**कोरबा, 21 अप्रैल।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज एवं कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान पश्चात् रखे जाने वाले ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखने एवं उनकी निगरानी के लिए सुनिश्चित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सामान्य प्रेक्षक ने उक्त स्थानों का निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, मतगणना कक्ष, मतपत्र मतगणना कक्ष सहित पूरे परिसर की समुचित व्यवस्था की जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मत पेटी वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैरीकेडिंग, गाड़ियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने एवं वितरण तथा मतगणना के दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सामान्य प्रेक्षक मीणा को दोनों स्थानों के स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था हेतु की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य सुविधाओं की पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान 02 विधानसभाओं कोरबा एवं रामपुर हेतु मतदान सामग्री का वितरण आईटी कॉलेज झगरहा स्थित स्ट्रांग रूम से किया जाएगा एवं शेष विधानसभा कटघोरा व पाली तानाखार के लिए सामग्री वितरण कटघोरा के मुकुटधर पांडेय शासकीय महाविद्यालय से किया जाएगा।



### प्रेक्षक से आम नागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा 21 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा (रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा) हेतु सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा (आईएएस)से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विस (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 01 विस (बैकुण्ठपुर) व जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 01 विस (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### वीर सरहा जोधाई जयंती व सतनाम रावटी कार्यक्रम 22 को ओड़ेना में

**भखारा, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सतनामी समाज धमतरी के द्वारा कल 22 अप्रैल को जिले का पहला सतनाम रावटी का कार्यक्रम रखा गया है।रावटी कार्यक्रम जिला सतनामी समाज प्रमुखों की उपस्थिति होगी।उक्त कार्यक्रम में गुरु बालकदास के अंगरक्षक वीर सरहा-जोधाई की जयंती समाज जनों के द्वारा मनाया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक सतनामी समाज जिला धमतरी के द्वारा कल 22 अप्रैल को वीर सरहा जोधाई जयंती का आयोजन किया गया है।सतनामी समाज का काफिला जोधपुर धमतरी स्थित गुरु बालकदास भवन से बाबा गुरु घासीदास के पूजा अर्चना कर ओड़ेना के लिए रवाना होगा।जहां धमतरी नगर के विभिन्न स्थानों पर रावटी काफिला का भव्य स्वागत होगा। रावटी कार्यक्रम ओड़ेना में संपन्न होना है।उक्त कार्यक्रम में गुरु बालक दास के अंगरक्षक वीर सरहा-जोधई की जयंती मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी में जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे, रमेश लहरे, डॉ.सुरेंद्र कुर्रे, उपाध्यक्ष विजय सोनवानी, एंडवोकेट शिवकोसरे, प्रधान संचालक इतवारी गावस्कर, लोकेश लहरे, अजय डहरिया, सतपाल देशलहरा, मनीष, गुहरी, जिला सचिव मणीकांत जोशी, बरशन, सियाराम, सतेश्वरी लहरे, प्रवीण कोसरे, राजकुमार रात्रे, भुवन गायकवाड़, राजेंद्र भारती, प्रीतम टंडन तैयारी में जुटे है।इस कार्यक्रम में स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने किया है।

### नाबालिग बालिका को बहलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**बलौदाबाजार, 21 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना लवन प्रभारी निरीक्षक केसर पराग द्वारा नाबालिग बच्चों की लगातार खोजबीन किया जा रहा है इसी क्रम में थाना लवन क्षेत्र के एक मामला जिसमें पीड़िता 1 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी जिसपर धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर लगातार खोजबीन की जा रही थी 19 अप्रैल को नाबालिग अपहृता को आरोपी सूरज कुमार टंडन के कब्जे से ग्राम भटिया थाना खरोरा, रायपुर में बरामद किया गया एवं पीड़िता से पूछताछ बाद आरोपी द्वारा नाबालिक पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर लगातार दुष्कर्म करना पाए जाने से धारा 366, 376(2) (ढ) भादवि, 6 पाक्सो एक्ट जोडकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 19 अप्रैल को न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में स उ नि संजीव सिंह राजपूत, प्र.आर. अजय अंचल का विशेष योगदान रहा। आरोपी का नाम सूरज कुमार टंडन पिता धर्मेंद्र टंडन उम्र 19 साल ग्राम भुइगांव थाना पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ है।

केंद्रीय विद्यालय गोपालपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

# निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में विद्यार्थी बने प्रतिभागी



**कोरबा, 21 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्राचार्य श्रीमती संध्या लकड़ा के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 04 गोपालपुर में सुव्यवस्थित मतदाता एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वीप प्रभारी श्री अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के लिए विद्यालय में 09 अप्रैल से 24 अप्रैल तक विभिन्न प्रतियोगिता एवं गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज संपन्न हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टैगोर सदन व द्वितीय स्थान पर रमन सदन रहा।

लोकतंत्र का सम्मान करें, सबसे पहले मतदान करें

# साडा कन्या स्कूल की छात्राओं ने रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

■ **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में जारी है मतदाता जागरूकता अभियान**

**कोरबा, 21 अप्रैल।** लोकतंत्र का सम्मान करें-सबसे पहले मतदान करें तथा छोड़कर अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान के उद्घोष के साथ साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टी.पी.नगर कोरबा की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली में शामिल होकर मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर नगर पालिक निगम कोरबा के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समीपस्थ आवासीय क्षेत्र में निगम द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, साडा कन्या विद्यालय की छात्राओं ने रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। रैली में शामिल छात्राओं ने '' लोकतंत्र का सम्मान करें-सबसे पहले मतदान करें तथा छोडकर अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान '' का उद्घोष करते हुए मतदान दिवस में मतदाताओं से अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का संदेश दिया।

### मतदाताओं को दिलाई गई मतदाता शपथ

निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित मतदाताओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### नाम परिवर्तन


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विमल कुमार चंद्राकर पिता कन्हैया लाल चंद्राकार निवासी रायपुरा जिला रायपुर पिन-492001 छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूं कि मैं अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम विमल चंद्राकर पिता कन्हैया लाल चंद्राकार रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम पिता कन्हैया लाल चंद्राकार से ही जाना पहचाना जावे।

**विमल चंद्राकर**
**रायपुरा, जिला रायपुर**
**पिन-492001 छत्तीसगढ़**

एक नजर

### प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर से निकलेगी शोभा यात्रा



रायपुर 21 अप्रैल। रायपुर फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड स्थित प्राचीन दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर समिति के संयोजक घनश्याम राजू तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि, प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाना प्रस्तावित है। इस वर्ष उत्सव का दिन मंगलवार पड़ रहा है जो बेहद ही शुभकारी-लाभकारी होने वाला है, इस दिन को प्रत्येक हनुमान भक्त अपने अपने भक्ति भावना से प्रभु श्रीराम भक्त हनुमान के श्रीचरणों पर अपनी आस्था प्रकट करना चाहते हैं। संयोजक तिवारी ने बताया, फाफाडीह स्थित पिपलेश्वर महादेव दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर ने समिति की बैठक कर मंगलवार 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातः 07 बजे भव्य शोभा यात्रा की तैयारी की है, संकट मोचन हनुमान की मूर्ती झांकी स्वरूप दुर्ग से मंगवायी गयी है। जो भक्तिमयी धुन के साथ क्षेत्र में सैकड़ो भक्तजनो की उपस्थिति में भ्रमण करेगी। प्रातः 09 : बजे पूजन हवन होगा। दोपहर 12 : बजे से 04 तक महाभण्डारा होगा। शाम 07 : बजे हनुमान की महाआरती होगी। रात्रि 8 : बजे से सुन्दकाण्ड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या होगा। इस प्रकार पूरे दिनभर भव्य भक्तिमयी कार्यक्रम आयोजित है।

### दो नाबालिग लड़कियां लापता

रायपुर, 21 अप्रैल। शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपहरण का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कंकालीपारा रोड निवासीर 47 वर्षीय प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। वहीं दूसरे मामले में 22 वर्षीय प्रार्थी ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी 16 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### मकान से 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार

रायपुर, 21 अप्रैल। लोहार चौक स्थित ई साक्षरता केंद्र ब्राम्हणपारा मकान का ताला खोलकर अज्ञात आरोपी ने 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तेनसिंह नागेश 33 वर्ष लोहार चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि ई साक्षरता केंद्र ब्राम्हणपारा मकान का ताला खोलकर अज्ञात चोर ने कमरे में रखे 3 नग कम्प्यूटर सिस्टम पार कर दिया। चोरी गए कम्प्यूटर सिस्टम की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# सिर्फ बाकी रह गया बेलौस रिश्तों का फरेब... कुछ मुनाफिक हम हुए, कुछ तुम सियासी हो गये...



नक्सलीगढ़ कांकेर में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया गया है, बी एसएफ नक्सलियों के बीच कई घंटे तक मुठभेड़ चली, नक्सलियों के पास से भारी तादाद में हथियार बरामद किए गए हैं। एके-47, एलएमजी जैसे घातक हथियार भी शामिल हैं।इतिहास में छ्ग में किसी एक मुठभेड़ में नक्सलियों की सबसे अधिक मौत हुई हैं। साथ ही सुरक्षा बलों ने कुख्यात नक्सली शंकरराव को भी मारने में सफलता पाई है। दंडकारण्य डिवीजन में नक्सलियों का सबसे बड़ा कमांडर था।वो डिवीजन का मिलिट्री इंटेलिजेंसचीफ था, उसके सिर पर 25लाख रुपए का इनाम घोषित था। दहशत का दूसरा नाम भी उसे कहा जाता था।खूंखार नक्सली शंकर राव, एलएमजी, एके- 47 जैसे घातक हथियारों को चलाने में भी माहिर था, वो हर वक्त इन हथियारों को साथ रखता था।पिछले 15 वर्षों सेउसने आतंक का राज कायम कर रखा था, छ्ग से तेलंगाना, ओड़िसा तक के जंगलों में उसकी तूती बोलती थी।वो कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए। छ्ग के कांकेर जिले के थाना छोटेबेटिया के बिनागुंडा, कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफकी संयुक्त पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 ढेर हो गए हैं। जवानों ने मारे गए सभी 29 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं।मारे गये नक्सलियों में 25 लाख रुपये के इनामी कमांडर शंकर राव, महिला नक्सली ललिता के साथ राजू भी शामिल हैं। नक्सलियों के शवों के पास से सात एके 47, 3 एलएमजी, इंसास रायफल की बरामदगी की गई है।बस्तर के आईजी पी.सुंदरराज, एसपी आईके एलेसेला ने कहा है कि नक्सल विरोधी अभियान आगे भी चलता रहेगा।इधर देश के गृहमंत्री अमित शाह के अनुसार छ्ग में भाजपा की सरकार बनने के बाद 80 नक्सली मारे गये तो 125 से अधिक नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है वहीं 150 से भी अधिक आत्मसमर्पण कर चुके हैं।






#### कश्मीर के बाद कटघोरा में मिला लीथियम...

छ्ग में पहली लीथियम खदान खुलने जा रही है, यह कोरबा के कटघोरा के ग्राम घुचापुर में 250 हेक्टेयर में है। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया ने 80 फिट नीचे लीथियम मिलने की पुष्टि भी कर दी है, खान मंत्रालय ने तो नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। कहा जाता है कि निजी क्षेत्र की कम्पनी वेदांता, ओला जिंदल, श्रीसीमेंट, अडानी, अल्ट्राट्रेक आदि रुचि भी ले रहे हैं। यह बताना जरुरी है कि छत्तीसगढ़ के साथ देश में कश्मीर में ही लीथियम मिलने की पुष्टि हो चुकी है, कश्मीर में नीलामी प्रक्रिया तेज हो गई है।

#### सेवानिवृत आईपीएस सिंह फिर चर्चा में...

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद एक अनिवार्य सेवानिवृत आईपी एस गुरविंदर पाल सिंह की सक्रियता चर्चा में है, जीपी सिंह के खिलाफआय से अधिक संपत्ति के साथ चल रहे कई अन्य मामलों की वजह से सरकार ने उन्हें निलंबित किया था।




राज्य सरकार ने अनिवार्य सेवा निवृत्ति के लिए केंद्र को फाइल भेज दी थी, बाद में केंद्र के अमित शाह के गृह मंत्रालय की रजामंदी पर जीपी सिंह को अनिवार्य सेवानिवृत कर दिया गया था। प्रदेश में बदले हालात में कहा जा रहा है कि छ्ग सरकार जीपी सिँह के सभी मामले वापस ले सकती है? लेकिन यह चर्चा भी है कि जिस केंद्र सरकार ने उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत किया था वही उसे पुनः बहाल करेगी ऐसा लगता तो नहीं है, लोस चुनाव के परिणाम का इंतजार है, कुछ भी हो सकता है, क्योंकि भाजपा के पास वैसे भी वशिंग मशीन है जिसमें कई नेता पाक साफहो गये हैं यदि कोई अधिकारी भी हो जाए तो आश्चर्य नहीं होगा ?



#### नाना, माँ, भाई आईएएस, तो पिता आईपीएस...

यूपीएससी ने वर्ष-2023 की सिविल सेवा परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। पूर्व डीजी संजय पिल्ले एवं छत्तीसगढ़ में



एसीएस रेणु पिल्ले की पुत्री अनुषा ने 202 रैंक हासिल किया है। पिछले वर्ष अनुषा के भाई ने भी आईएएस किया था, वे ओडिशा कैडर में कार्यरत हैं। उनके नाना आंध्रप्रदेश के मुख्य सचिव भी रह चुके हैं।रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह ने अनुषा को आईए एस में चयनित होने पर घर जाकर बधाई दी। रायपुर के ही अभिषेक डॉगें को 452 वाँ रैंक मिला है। जशपुर की रश्मि पैकरा को 881वाँ रैंक हासिल हुआ है।

#### सौम्या फिलहाल जेल में ही रहेंगी...

कोल लेवी मामले में पिछले 16 महीनों से जेल में बंद सौम्या चौरसिया की जमा नत याचिका कोर्ट ने खरिज कर दी है। प्रवर्तन निदेशा लय (ईडी) के केस में जेल में बंद पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उप सचिव रहीं



सौम्या की जमानत 5 माह पूर्व सुप्रीम कोर्ट से खारिज हुई थी।सौम्या के वकीलों ने रायपुर में नए ग्राउंड केसाथ जमानत अर्जी लगाई थी। जिसमें सौम्या चौरसिया ने बच्चों की देखभाल करने के लिए कोर्ट से जमानत देने की अर्जी की थी। पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ईडी से जरूरी दस्तावेज मंगाए थे। जानकारी मिली है कि ईडी ने ये दस्तावेज जमा कर दिए।कोयला घोटाला केस में नाम आने के बाद से सौम्या चौरसिया को निलं बित कर दिया गया था।

#### और अब बस...

» भाजपा के सूत्र भी मान रहे हैं कि कोरबा, कांकेर, महासमुंद, राजनांदगांव, जांजगीर लोस में कड़ा मुकाबला है?
» रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर में कॉग्रेस को कोई खास उम्मीद नहीं है.?

# भूपेश अब अन्याय के प्रतीक बन चुके : भाजपा

रायपुर, 21 अप्रैल। दिवंगत राजा देवव्रत सिंह की पत्नी रानी विभा देवब्रत सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश पर अपने पति को खून के आंसू रुलाने का आरोप लगाया है। इसकी भारतीय जनता पार्टी की महिला विधायकों ने कड़ी निंदा की है। साथ ही कहा कि भूपेश बघेल ओछी राजनीति करते कांग्रेस नेताओं के परिवार तक में दखल देते हैं। आज कांग्रेस पार्टी में अन्याय, आतंक और अत्याचार का पर्याय बन चुके हैं भूपेश बघेल !जिसने महलों तक को नहीं छोड़ा व भला प्रजा को क्या छोड़ेगा।

भारतीय जनता पार्टी की महिला विधायक रेणुका सिंह, भावना वोहरा, गोमती साय ने कहा कि सोशल मीडिया में जारी वीडियों में दिवंगत पूर्व विधायक राजा देवव्रत सिंह की धर्म पत्नी रानी विभा देवी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल व कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही यह भी कहा है कि भूपेश बघेल लोकसभा चुनाव में वोट बटोरने के लिए जनता को धोखा देने का काम कर रहे हैं। तलाकशुदा पत्नी पद्मा देवी को वतर्मान पत्नी बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। हर दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता भूपेश बघेल की प्रताड़ना, अन्यायपूर्ण बर्ताव की वजह से कांग्रेस छोड़ते जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में आज भगदड़ मची हुई है। कांग्रेस में ही लोग कहने लगे हैं कि भूपेश बघेल ने किसी को नहीं छोड़ा। वीडियो में विभा सिंह ने खुला आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी और पद्मा सिंह ने मिलकर महल में बलवा करवाया था। कांग्रेस पार्टी के गुंडों ने तोड़फोड़ कर उन पर भी जानलेवा हमला करवाया था। साथ ही खैरागढ़ महल की राजनीति को खत्म कराया। उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर दिवंगत विधायक के नाम पर राजनीति करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज स्व. राजा देवव्रत सिंह की पूर्व पत्नी पद्मा सिंह, यशोदा वर्मा को बार - बार मंच पर प्रचार के लिए साथ ले जा रहे हैं। ये लोग बहुत ही गलत कर रहे हैं, उनको ऐसा नहीं करना चाहिए। भूपेश बघले आज स्व. राजा देवव्रत सिंह के नाम पर वोट मांग रहे हैं, लेकिन जब वो पार्टी में थे। तब भूपेश बघले ने उनके पति को खून के आंसू रुलाया था, जिसके चलते उन्होंने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। आज उनके नाम का इस्तेमाल करके फायदा उठाया जा रहा है। रानी विभा देवब्रत सिंह ने कहा है कि अब वे इस मामले में चुनाव आयोग से शिकायत करने जा रही हैं।

भारतीय जनता पार्टी की महिला विधायको ने कहा कांग्रेस पार्टी नारी सम्मान का केवल दिखावा करती हैं। हकीकत यह है कि कांग्रेस में कभी भी महिलाओं को सम्मान मिला ही नहीं है। हमेशा उन्हें अग्रिम पंक्तियों से वंचित रखा गया ताकि सक्रिय राजनीति में उनकी भूमिका नाममात्र की ही रहे। दूसरी ओर विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति का मान बढ़ाने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू कराया जिससे कि उनको विधानसभा और लोक सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ सके। कांग्रेस ने इस अधिनियम को बरसों से लटकाए रखा था। भारतीय जनता पार्टी की महिला विधायकों ने कांग्रेस हाई कमान से यह मांग की है कि यदि हिम्मत है तो सोशल मीडिया में जारी इस वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेते हुए भूपेश बघेल पर कार्यवाही करे, क्योंकि एक नारी ने दुखी होकर ही अपनी पीड़ा सोशल मीडिया में वीडियों जारी कर व्यक्त की है।

## आशुतोष शर्मा को पीएचडी

रायपुर 21 अप्रैल। आशुतोष शर्मा ने अर्थशास्त्र में पी-एचडी की उपाधि कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर से प्राप्त की है। इनके शोध कार्य का विषय था पब्लिक एक्सपेंडिचर एण्ड इकोनॉमिक ग्रोथ इन छत्तीसगढ स्टेट : एन एनालिटीकल स्टडी डॉ.आशुतोष शर्मा ने अपना शोध प्रबंध डॉ.प्रज्ञा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। डॉ. आशुतोष शर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रोफेसर शिव कुमार शर्मा एवं डॉ.(श्रीमती)विनोद शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य शासकीय गजानन अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा के चिरंजीव तथा रायगढ के प्रतिष्ठित नागरिक स्मृतिशेष पंडित जगन्नाथ प्रसाद शर्मा के पौत्र हैं।



# माँ महाकाली मंदिर में नव विग्रह की होगी प्राण प्रतिष्ठा



रायपुर, 21 अप्रैल। माँ महाकाली दस विधाओं में प्रथम महा विधा है। माँ महाकाली के स्थान को चिन्हित (प्रथम पूजा अर्चना) सन् 1931-32 में अंग्रेजों के शासन काल में कामख्या के नागा साधुओं द्वारा की गयी थी तथा जाते-जाते उन्होनें पूजा का भार बैरन बाजार निवासी स्व. प्रेमलाल पाण्डे भाई, स्व. मुन्नीलाल पाण्डे को दिया था। प्रचलित किंवदंती के अनुसार पाण्डे परिवार तभी से माँ की पूजा करता चला आ रहा है। वर्तमान विग्रह की स्थापना स्व. बसंत पाण्डे महाराज द्वारा की गयी थी यह विग्रह उस समय कोलकाता के कुम्हार पारा से बनवा कर लाया गया था। वर्तमान विग्रह में क्षरण होने के कारण साधु संतों व इस विधा के जानकार ब्राम्हणों से विचार विमर्श विगत दो वर्षों से चल रहा था, सभी महात्माओं के आदेश व निर्देश पर नवीन विग्रह को तैयार किया गया है। इस विग्रह को तैयार करने ठोस पत्थर की तलाश की गयी तलाश करने में 3 माह का समय लगा। पश्चात् योगी राज अरूण से मैसुल वाले से चर्चा की गयी किंतु उनके पास समय का अभाव था वास्ते उन्होंने 2 साल का वेटिंग टाइम दिया किन्तु विग्रह के क्षरण को देखते हुये उड़ीसा भुवनेश्वर के कारीगर ज्योतिरंजन परिडा से सम्पर्क किया गया, उन्होंने कम से कम 10 माह का समय सीमा मांगी उनकी पूरी टीम ने उड़िसा से आकर पूरा अध्ययन किया तत्पश्चात् केन्दुझर (क्योंझर) जिला के लगभग 80 कि.मी. दूरी पर इस (नवीन विग्रह) का निर्माण हुआ। निर्माण के पश्चात् विग्रह को रायपुर लाया गया व प्राण प्रतिष्ठा का मुहुत हेतु बनारस, प्रयाग राज, जगन्नाथ पूरी, सतना और जबलपुर के आचार्यगणों से सम्पर्क करके 26 अप्रैल (प्रातः 4 बजे से 11 बजे के बीच) का मुर्हत प्राप्त किया गया जिसकी पूजा पाठ 24 अप्रैल से कलश यात्रा से प्रारंभ होगी।

इस प्राण प्रतिष्ठा को सम्पन्न करने हेतु महात्मा, ऋषिकेश, अयोध्या, कैथल (हरियाणा), बैतुल (म.प्र.) व आचार्यगण प्रयागराज व हैदराबाद से पधार रहे है। माँ महाकाली ट्रस्ट, आकाशवाणी चौक आप सभी पत्रकार बंधुओं से साग्रह निवेदन करती है कि आप इस कालजयी प्राण प्रतिष्ठा में सपरिवार उपस्थित होकर माँ महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## हार देख कर भाजपा महिलाओं का अपमान करने लगी : सुशील आनंद

रायपुर, 21 अप्रैल। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि चुनाव में होने वाले हार को देख



कर भारतीय जनता पार्टी बौखला गयी है। बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का अपमान करने में उतर गयी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री राधिका खेड़ा के लिये भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री रामविचार नेताम जैसे सुर्पनखा जैसे शब्दो का उपयोग किया है। यह बहेद ही निदनीय है स्तरहीन है राजनैतिक सुचिता की मर्यादा को गिराने वाला है। भारतीय जनता पार्टी का यह महिला विरोधी चरित्र है यह पहली बार नहीं हुआ है इसके पहले भी कांग्रेस की एक सांसद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुर्पनखा कहा था। आज उन्हीं का अवसन करते हुये भाजपा की वरिष्ठ नेता एक युवा नेत्री को जो कांग्रेस के प्रखर नेत्री है राधिका खेड़ा के लिये इस प्रकार के शब्दो का प्रयोग किया है। कांग्रेस पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है रामविचार नेताम से मांग करते है तत्काल अपने शब्दो को वापस ले और उनसे नि:शर्त माफी मांगे। भारतीय जनता पार्टी में ज्यादा भी गैरत बची है रामविचार नेताम के बयान की निंदा करें।

## स्वास्थ्य अधिकारी का 3 वार्डों में छापा, नहीं मिले सफाईकर्मी

रायपुर, 21 अप्रैल। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम क्षेत्र में सफाई अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है। इसी अभियान के तहत आज 3 वार्डों की जांच की गई। जिसमें वार्डों में गन्दगी पसरी पाई गई। वहीं सफाई कर्मी भी निर्धारित संख्या से कम मिले। जिस पर सफाई ठेकेदारों पर 55 हजार रुपए का जुर्माना किया गया।

निगम कमिश्नर मिश्रा के निर्देश पर आज सुबह स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही शहर में सफाई व्यवस्था के जांच के लिए निकली थी। इस दौरान वार्ड क्रमांक 59 संतोषी नगर क्षेत्र में नाले जाम पाए गए। वहां के गलियों में गन्दगी भी पसरी हुई थी। सफाई कर्मचारियों की गिनती की गई तो 40 में से मात्र 15 कर्मी ही मौजूद पाए गए। जिस पर सफाई ठेकेदार को बुलवाकर जमकर फटकार लगाई गई। उस पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। इसी तरह जोन क्रमांक 6 के वार्ड क्रमांक 60 में 35 में से सिर 15 सफाई कर्मी मौजूद मिले। 20 कर्मी गायब मिले। जिस पर ठेकेदार पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। इधर जोन क्रमांक 5 के वार्ड क्रमांक 43 में भी भारी मात्रा में गन्दगी पाई गई। वहां 40 सफाई कर्मी होने थे। किंतु गिनती में वहां मात्र 20 कर्मी ही कार्यरत मिले।



जिसके बाद सम्बंधित ठेकेदार पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। तीनों ठेकेदारों पर जुर्माने की कार्रवाई करने के साथ कार्य में लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी गई। डॉ पाणिग्रही ने बताया कि निगम कमिश्नर मिश्रा के निर्देश पर शहर के साफ ङ्क सफाई की लगातार कार्रवाई की जा रही है। कल भी कांशीराम नगर क्षेत्र में गन्दगी पाए जाने पर ठेकेदार पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया था।

# मतदान जागरूकता अभियान, युवा चेम्बर ने निकाली बाइक रैली

रायपुर, 21 अप्रैल। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज युवा चेम्बर के प्रभारी जय नानवानी, सहप्रभारी निलेश मूंधड़ा, वैभव सिंहदेव, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर बजाज, जितेंद्र गोलछा, प्रदेश महामंत्री कांति पटेल, कोषाध्यक्ष रजत छाबड़ा ने बताया कि चुनाव पर्यवेक्षक रोहनचंद ठाकुर (आईएएस), जिलाधीश रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप जी, चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी की उपस्थिति में मतदान जागरूकता विशाल बाइक रैली संपन्न हुई, जिसे चुनाव पर्यवेक्षक रोहनचंद ठाकुर (आईएएस) एवं जिलाधीश रायपुर



डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर मरीन ड्राइव से रवाना किया गया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बाइक रैली का नेतृत्व किया।

इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, प्रदेश आई.टी.सेल प्रभारी कैलाश खेमानी, कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, उपाध्यक्ष- मनोज जैन, टी श्रीनिवास रेड्डी, कन्हैया गुप्ता, भरत जैन, मंत्री- प्रशांत गुप्ता, लोकेश साहू, जयराम कुकरेजा, युवा चेम्बर प्रभारी जय नानवानी, सहप्रभारी निलेश मूंधड़ा, वैभव सिंहदेव, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर बजाज, जैन जीतेन्द्र गोलछा, महामंत्री कांति पटेल, कोषाध्यक्ष रजत सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष- राकेश सोमानी, समीर वंश्यानी, विपुल पटेल, जोगेंद्र नागवानी, , जयेश पटेल, दिनेश बालानी, विशाल पोपटानी, विजय छत्री, दिनेश साहू, सुरेश वाशवानी, हरजोत सिंह, मंत्री- हिमांशु वर्मा, विजय भक्तानी, अविनाश खेतपाल, जयंत मोहता, प्रवीण मालू, दिनेश साहू, सनी जुमनानी, गोल्डी लूनिया, योगेश भानुसाली, लक्ष चैरे, रितिक, कैट कार्यकारी अध्यक्ष वासु माखीजा, युवा कैट महामंत्री- अमर ढिंगानी, युवा कैट कोषाध्यक्ष-विजय पटेल, अमित गुप्ता, ग्रीन आर्मी से मोहन वर्ल्यानी, गुरमीत सिंह रंधावा, आनंद क्षेत्री, राजा शोभवानी, अविनाश दरयानी, मोहित केशवानी, रोमित राठी, जितेन्द्र अग्रवाल, जयेश पारेख, अविनाश ग्रुप, अष्टविनायक ग्रुप, सेट्रान ग्रुप, जी.के.होंडा ग्रुप, सिटी होंडा ग्रुप, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिसमें सेट्रान ग्रुप ने बाईक रैली के प्रायोजक की भूमिका निभाई। विशेष सहयोग जीवन बीमा मार्ग व्यापारी संघ का रहा। बाईक रैली में बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

# नेहा ने कालेज का नाम रोशन किया

रायपुर, 21 अप्रैल। शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ की होनहार छात्रा कुमारी नेहा ब्याडवाल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2023 उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। इतिहास विभाग ने नेहा ब्याडवाल के सफलता में सम्मान समारोह आयोजित किया है। अपने उद्बबोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिविल सर्विस की सफलता में जहां धैर्य मेहनत और समयबद्ध तैयारी आवश्यक है वहीं सफलता के लिए स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओं ने परीक्षा की तैयारी के संबंध में अपने जिज्ञासा रखी। छात्राओं के सारे प्रश्नों का उत्तर नेहा ने सहजता से दियाइ अवसर था इतिहास विभाग



की द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं की विदाई कार्यक्रम का। नेहा ने अपने अनुभव शेयर करते हुए कहा कि जब मैं पढ़ती थी तभी इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ शंपा चौबे मुझसे कहती थी कि तुम भविष्य में आईएएस बनोगी जो आज पूरा हो गया संस्था प्रमुख डॉ किरण गजपाल ने महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए कहा कि कुमारी नेहा बेडवाल हजारों छात्रों की प्रेरणा स्त्रोत बनी है इस अवसर पर विभागअध्यक्ष डॉ शंपा चौबे डॉ उषा किरण अग्रवाल डॉ एमएल वर्मा डॉ शीलाश्रीधर डॉ सरिता दुबे डॉ महेंद्र सर्वा डॉ नितिन पांडे डॉ कल्याण रवि सहित महाविद्यालय परिवार की अनेक सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26